26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 21 नवम्बर, 2026
अंक- 27 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

सीएम योगी की मां पंचतत्व में विलीन

अंतिम परिक्रमा कर भावुक होकर मां को किया नमन, छोटे भाई ने दी मुखाग्नि

हरिद्वार (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी का हरिद्वार के चंडी देवी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इसके साथ ही वह पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनके छोटे बेटे ने मुखाग्नि दी। सीएम योगी ने अंतिम परिक्रमा कर भावुक होकर मां को नमन किया। अंतिम संस्कार के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित परिवार के सदस्य व 13 अखाड़ों के आचार्य, श्रीमहंत, यूपी सरकार और उत्तराखंड सरकार के कई मंत्री, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद के अलावा बिजनौर जिले से जिला पंचायत प्रशासक सार्केंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, विधायक ओमकुमार, अशोक कुमार राणा, स्वामी ओमवेश, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, डॉ. एन.पी. सिंह कई सांसद व विधायक शामिल होने चंडीघाट पहुंचे। इससे पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के निधन पर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई भाजपा नेता चंडी घाट स्थित श्मशान घाट पहुंचे। देवबंद विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कुंवर बृजेश ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मां के जाने का दुख हर कोई समझ सकता है। मां का स्थान जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है और उनके निधन से होने वाली पीड़ा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती।



सम्बंधित खबरे पेज 8-9 पर

किराये पर उपलब्ध स्थान

जजी चौराहे पर, डॉक्टर सत्यपाल सेतिया के क्लीनिक के ऊपर, प्रथम तल पर 1000 फीट स्थान उपलब्ध है, जो चिकित्सक तथा कोचिंग केंद्र के लिये उपयुक्त है। किराये पर उक्त स्थान लेने हेतु व्यक्ति दिये गये नम्बर पर संपर्क करें-

9412215813
जसवन्त सिंह
156 सिविल लाईन्स द्वितीय, बिजनौर

चिंगारी

आवश्यकता

चिंगारी सांध्य दैनिक को एक कार्यालय सहायक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-
मो. 9927500701

किरतपुर में प्लॉट बिकाऊ है

तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा, किरतपुर में 80-80 गज के दो कार्मिशियल प्लाट बिकाऊ हैं। सम्पर्क करें-
9627680957
9410433737

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

आपके शहर की भरोसेमंद Travel Company के साथ यात्रा करें

GRAND YATRA
TRAVEL WITH TRUST
ONE ROOF, EVERY TRAVEL SOLUTION

OUR SERVICES

HONEYMOON PACKAGES (Specialist)	DESTINATION WEDDING	DOMESTIC & INTERNATIONAL FLIGHT BOOKING	HOTEL & RESORT BOOKING	DOMESTIC PACKAGES
INTERNATIONAL TOUR PACKAGES	FAMILY HOLIDAYS	GROUP TOURS	CORPORATE TOURS	SCHOOL & COLLEGE TOURS
SPIRITUAL & RELIGIOUS TOURS	CHAR DHAM YATRA	VISA ASSISTANCE	EVENTS MANAGEMENT	TRAVEL INSURANCE

WHY CHOOSE GRAND YATRA?
Best Price Guaranteed | Trusted by Thousands of Customers | 24 x 7 Support

"From planning to returning home, we are with you."

Please take out your valuable time and visit our office.
Grand Yatra is now open in your city, and your presence is very important and valuable to us.

CONTACT US
74092 47345
Rajat Tyagi
Managing Director
Grand Yatra

OUR OFFICE
Near Bikaner Sweets, Opposite Petrol Pump, Civil Lines, Bijnor.
www.grandyatra.in

FOLLOW US ON GRAND YATRA

Your Journey, Our Responsibility

प्रदेश कोर कमेटी सदस्य बनने पर डॉ. मकसूद चौधरी का स्वागत

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम रम्मनवाला स्थित रेड एप्पल बैंक्वेट हॉल में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मकसूद चौधरी को आजाद समाज पार्टी की प्रदेश कोर कमेटी का सदस्य मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। बैठक में आगामी 26 नवंबर को लखनऊ स्थित कांशीराम स्मारक स्थल/माता रमाबाई अंबेडकर मैदान में आयोजित होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली की तैयारियों को लेकर गहन मंथन किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश के जोन प्रभारी एडवोकेट गौहर इकबाल ने कहा कि 26 नवंबर की महारैली बहुजन समाज के अधिकारों व सम्मान की लड़ाई में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में मुख्य मंडल



प्रभारी पुष्पेंद्र राणा, जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य डॉ. मकसूद चौधरी व भीमसेन हल्दिया, मुख्य जिला प्रभारी रजत कुमार, भीम आर्मी जिला संयोजक प्रशांत महासागर, मंडल संयोजक प्रवेश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, नितिश चौधरी, आरिफ मलिक, सुखबीर प्रधान, साहिल मेहरा, ललित आजाद, दानिश कुरैशी, अनुज कुमार, रजनीश वाल्मीकि, संजय कुमार मौजूद रहे।

नांगल सोती गंगा स्नान मेले के संवेदनशील वन मार्गों पर गुलदार के हमले रोकने को पिंजरे लगाने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेंद्र सिंह ने प्रभागीय वनाधिकारी नजीबाबाद वन प्रभाग को भेजे पत्र में नांगल सोती गंगा स्नान मेले के संवेदनशील वन मार्गों पर गुलदार के आसन्न संकट से जनसुरक्षा हेतु तत्काल पिंजरे स्थापित करने एवं विभागीय उत्तरदायित्व तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि जनपद बिजनौर में विगत कुछ समय से गुलदार के निरंतर एवं प्राणघातक आक्रमणों के कारण अनेक नागरिकों को असमय अपने प्राण गंवाने पड़े हैं, जिससे संपूर्ण



क्षेत्र में भयावह एवं असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है। इसी क्रम में आगामी दिनों में ग्राम नांगल सोती में पारंपरिक एवं विशाल गंगा स्नान मेले का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें दूर-दराज से असंख्य श्रद्धालुओं का आवागमन सुनिश्चित है। मेले तक पहुंचने वाले मुख्य संपर्क मार्ग के दोनों ओर अत्यंत सघन एवं दुर्गम वन क्षेत्र विस्तृत है। इस भौगोलिक स्थिति के कारण वन्यजीव (विशेषकर गुलदार) के मुख्य मार्ग पर उतरकर श्रद्धालुओं पर आक्रमण करने की प्रबल आशंका बनी हुई है। उन्होंने किसी भी संभावित त्रासदी को रोकने तथा जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मेला प्रारंभ होने से पूर्व निम्नलिखित सुरक्षात्मक प्रबंध युद्धस्तर पर सुनिश्चित कराने की मांग की है। जिसमें रणनीतिक पिंजरों की तत्काल स्थापना, वन सीमा से सटे मार्ग के समस्त संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील चिन्हित स्थलों पर अविलंब पर्याप्त संख्या में आधुनिक पिंजरे स्थापित किये जाए ताकि गुलदार को समय रहते नियंत्रित कर किसी भी अनहोनी को टाला जा सके। सशस्त्र गश्त एवं सतत निगरानी मेला अवधि के दौरान सघन वन मार्गों पर वन विभाग की प्रशिक्षित एवं सशस्त्र त्वरित प्रतिक्रिया टीमों की चौबीसों घंटे निरंतर गश्त सुनिश्चित की जाए। समुचित प्रकाश एवं चेतावनी व्यवस्था वन क्षेत्र से गुजरने वाले संपूर्ण मार्ग पर अंधकार समाप्त करने हेतु उच्च क्षमता की प्रकाश व्यवस्था (हाई-मास्ट लाइटिंग) तथा संवेदनशील स्थलों पर स्पष्ट चेतावनी संकेतक लगाये जाने की मांग की है। साथ ही यदि सुरक्षा प्रबंधों में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही के कारण कोई अप्रिय दुर्घटना अथवा जनहानि घटित होती है, तो इसके लिए संबंधित दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सीधा उत्तरदायित्व एवं कठोर जवाबदेही सुनिश्चित कराने की मांग की गई है।

खुर्शीद मंसूरी ने डोर-टू-डोर किया जनसंपर्क, लोगों ने किया स्वागत



नजीबाबाद (चिंगारी)। आज़ाद समाज पार्टी के भावी प्रत्याशी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने नगर के मौहल्ला पाईबाग में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत करते हुए समर्थन दिया। अब्दुल्ला गुलज़ार ने कहा कि खुर्शीद मंसूरी गरीबों, मजलूमों, दलितों व मुस्लिमों की आवाज़ बुलंद करने के साथ नजीबाबाद के विकास से जुड़े मुद्दों को शासन तक पहुंचाएंगे। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा बनने से जनता की मजबूत विकल्प मिला है। समाजवादी पार्टी भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है। परिवर्तन मोर्चा ही भाजपा को सत्ता से हटा सकता है। उन्होंने कहा मौका मिलने पर नजीबाबाद में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना व जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर असलम अंसारी, शफात एडवोकेट, महबूब, इंतजार पहलवान, हसन बाबा, वाहिद पहलवान, शहजाद अहमद, हसन नवाज़िश, नवाब, तसलीम मंसूरी, इफ्तेखार अहमद, वसीम खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

महिला ने सीएम से की तालाब पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम बुलचन्दपुर उर्फ मुंडाखेड़ा में ग्राम समाज के तालाब पर कब्जे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। गांव निवासी अंजुम पत्नी जफरयाब ने कुछ लोगों पर अपने पति के साथ मारपीट, अपहरण व जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से अपने पति की जान की सुरक्षा, तालाब को कब्जामुक्त कराकर खुदवाने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाने में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गांव में मस्जिद के सामने स्थित ग्राम समाज के तालाब का खसरा नंबर 64 है, जिसमें पूरे गांव का पानी जाता था। आरोप है कि कुछ लोगों ने तालाब को पाटकर उस पर कब्जा कर लिया है। पूर्व में भी इस भूमि को लेकर तहसील में मुकदमे चले थे। तालाब बंद होने के कारण गांव का गंदा पानी कब्रिस्तान की ओर जाने लगा था। पीड़िता के पति जफरयाब ने ग्राम प्रधान से शिकायत कर पानी रोकने व तालाब खुदवाने की मांग की थी।

सूचना

मेरे पुत्र का नाम स्कूल अभिलेखों में आरिश मंसूरी ARISH MANSOORI दर्ज चला आ रहा है, जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम उसके आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों के अनुसार MOHD HASAN है जो कि सही है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम MOHD HASAN के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **-आसिफ अहमद पुत्र सगीर अहमद, निवासी मौहल्ला नद्दफान, कस्बा साहनपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

सूचना

पहले मेरा नाम SHAHIDA PARVEEN था। अब मैंने अपना नाम SHAHEDA PARVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम SHAHEDA PARVEEN W/O MOHAMMAD ARIF 49, मौहल्ला धर्मदास, नजीबाबाद, बिजनौर से जाना व पहचाना जाये।


ATHER
असली इलेक्ट्रिक
एथर इलेक्ट्रिक/
अब धामपुर में।
ATHER EXPERIENCE CENTER, DHAMPUR
Address:- Indra Nagar Colony Near Ayushman Hospital Dhampur Bijnor - 246761
Mob. 9240083181
सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं



कसौंदी का क़हर, तीसरी बच्ची ने भी दम तोड़ा

हृदय विदारक घटना से बढ़ापुर में मातम, पीड़ित परिवारों में कोहराम

बढ़ापुर (चिंगारी)। कसौंदी की फली खाने से शुक्रवार को दो मासूम बच्चियों की मौत के बाद आज तीसरी बच्ची ने भी एम्स दिल्ली में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जैसे ही मासूम की मौत की सूचना मृतक के घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।



माही नूर व चाहत के फाइल फोटो



सादिका की मौत की खबर से रोते बिलखते परिजन

बताया जाता हैं कि गुरुवार की सांय कस्बे के मोहल्ला गडरियान में 5 व 6 वर्ष की तीन बच्चियों ने घर के सामने खड़ी कसौंदी की फलियां खा ली थी, जिसकी परिजनों को जानकारी नहीं हुई थी। शुक्रवार को शकील की पांच वर्षीय पुत्री चाहत की तबीयत खराब होने पर परिजनों से उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे बिजनौर ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक बच्ची को सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी चल रही थी इसी दौरान मोहल्ले के ही सलीम की चार वर्षीय पुत्री माही नूर की हालत भी बिगड़ गई। परिजन उसे पहले स्थानीय निजी चिकित्सक के पास ले गए। हालत गंभीर होने पर परिजन माही को भी उपचार के लिए बिजनौर ले जा रहे थे तब माही नूर ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया था। इसी दौरान शमीम की छह वर्षीय पुत्री सादिका की भी तबीयत बिगड़ी गई थी। तभी किसी व्यक्ति ने थाना बढ़ापुर पुलिस को अचानक हुई दो बच्चियों की मौत की घटना की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और पुलिस ने परिजनों और स्थानीय लोगों से जानकारी ली। तीसरी बच्ची सादिका की हालत बिगड़ती देख पुलिस ने एहतियातन उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेजने में भर्ती कराया था, जहां हालत बिगड़ने पर उसे रात ही मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया था। मेरठ से भी नाजुक हालत में सादिका को दिल्ली एम्स के लिए रैफर कर दिया गया था। परिजनों के अनुसार रात 2 बजे सादिका को दिल्ली एम्स में उपचार के लिए भर्ती करा दिया गया था, जहां आज उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर जैसे ही उसके घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। 2 दिन में तीन मासूम बच्चियों की मौत से मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है।

रामगंगा में पानी न होने से मेले पर संकट के बादल मंडराये



सूखी पड़ी रामगंगा

अफजलगढ़ (चिंगारी)। रामगंगा बांध से कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए पानी की निकासी न होने से राम गंगा किनारे लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मेले पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। वर्तमान में कालागढ़ डैम से निकलने वाली राम गंगा नदी का जलस्तर न के बराबर है, जो श्रद्धालु राम गंगा तट पर मुंडन संस्कार या अन्य कर्मकांडी परंपराओं के लिए कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रामगंगा नदी के किनारे पहुंचते हैं। उनमें निराशा साफ देखी जा सकती है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं को राम गंगा नदी में स्नान और आचमन के लिए भी जल फिलहाल उपलब्ध नहीं है। जो के कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले गंगा स्नान के मेल को फीका कर सकता है।

विदित हो कि कालागढ़ डैम से निकलने वाली रामगंगा नदी के किनारे कालागढ़, हरेवली, भूतपुरी आदि से लेकर फर्रुखाबाद तक राम गंगा नदी के किनारे स्थित स्थानों पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता योगेश कुमार सैनी (जनप्रतिनिधि ऋतु खंडूरी) ने विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड को एक पत्र लिखकर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रामगंगा नदी में पानी छुड़वाने की मांग की है। इस संबंध में उप मंडल अधिकारी कालागढ़ मनोज कुमार का कहना है कि डिमांड मिलने पर रामगंगा नदी में पानी छोड़ा जाएगा।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाले गलकटा को 10 साल की सज़ा

बिजनौर (चिंगारी)। विशेष सत्र न्यायाधीश (ईसी एक्ट) श्री लोकेश नागर ने अवैध असलाह बनाने की फैक्ट्री चलाने वाले वसीम उर्फ गलकटा को दस वर्ष कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक संजीव वर्मा के अनुसार धामपुर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र मालिक अन्य पुलिस बल के साथ 13 अप्रैल 2021 वांछित अभियुक्तों की तलाश में गश्त पर थे,जैसे ही वे होटल शेरकोट पर पहुंचे तो मुखबिर सिली सूचना पर धामपुर स्थित कांशीराम कालोनी की पिछली बिल्डिंग के नीचे के कोने वाले कमरे एक व्यक्ति अवैध शस्त्रों की निर्माण फैक्ट्री में अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति ने पकड़े जाने पर अपना नाम वसीम उर्फ गलकटा पुत्र फुरकान निवासी मोहल्ला बंदूकचियान धामपुर बताया। पकड़े गए व्यक्ति के पास शस्त्र बनाने के हथियार और पुर्जे, अधबना तमंचा बरामद किया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश ई सी एक्ट श्री लोकेश नागर ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त वसीम उर्फ गलकटा को आर्म्स एक्ट की धारा 5/25 के तहत दस वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।



भली लगे या बुरी...

डिग्री और स्किल के बीच फ़ासला

हर साल देश में 15 लाख इंजीनियर बनते हैं लेकिन उनमें से सिर्फ चार लाख को ही नौकरी मिल पाती है, बाकी सभी बेरोजगारी का दंश झेलने को मजबूर हैं। नैसकाम के एक सर्वे के अनुसार 75 फीसद तकनीकी स्नातक नौकरी के लायक नहीं हैं। आईटी इंडस्ट्री इन इंजीनियरों को भर्ती करने के बाद ट्रेनिंग पर करीब एक अरब डॉलर खर्च करती है। इंडस्ट्री को उसकी जरूरत के हिसाब से इंजीनियरिंग ग्रेजुएट नहीं मिल पा रहे हैं। डिग्री और स्किल के बीच फासला बहुत बढ़ गया है। इतनी बड़ी मात्रा में इंजीनियरिंग बेरोजगारों की संख्या देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता के लिए भी ठीक नहीं है। लगातार बेरोजगारी बढ़ने की वजह से इंजीनियरिंग कॉलेजों में बड़े पैमाने पर सीटें खाली रहने लगी है। उच्च और तकनीकी शिक्षा के वर्तमान सत्र में ही पूरे देश भर में 17 लाख से ज्यादा सीटें खाली हैं। तकनीकी शिक्षा में देश के अधिकांश राज्यों में 60 से 70 फीसद तक सीटें खाली हैं। यह आंकड़ा चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि स्थिति साल दर साल खराब ही होती जा रही है।

एक तरफ, प्रधानमंत्री 'मेक इन इंडिया' की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ देश में तकनीकी और उच्च शिक्षा के हालात बदतर स्थिति में हैं। ए.आई. जैसी कारपोरेट जरूरतों को छोड़कर आज हमारे शैक्षिक कोर्स 20 साल पुराने है, इसलिए इंडस्ट्री के हिसाब से छात्रों को आधुनिकतम शिक्षा नहीं मिल पाती। इसी वजह से आज इंजीनियरिंग स्नातक के लिए नौकरी पाना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होता जा रहा है। अभी स्थिति यह है कि सारा ध्यान थ्योरी पर है, उन्हें रटकर पास करने में ही छात्र अपनी इतिश्री समझते हैं। इंडस्ट्री और इंस्टीट्यूट्स के मध्य एक कॉमन प्लेटफार्म स्थापित करने की दिशा में सरकारी और निजी दोनों प्रयास जरूरी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 20 फीसद से भी कम इंजीनियर आईटी क्षेत्र में नौकरी के लायक हैं। आठ फीसद से भी कम इंजीनियर कोर इंजीनियरिंग के लायक हैं। रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि देश में युवा बेरोजगारों की बढ़ती फौज अर्थव्यवस्था की कुशलता और सामाजिक स्थिरता के हिसाब से भी ठीक नहीं है। देश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में पढ़ाई-लिखाई की गुणवत्ता बहुत अच्छी नहीं है। अधिकांश कॉलेजों में शिक्षण का स्तर और प्रशिक्षण की व्यवस्था ठीक नहीं है।

विज्ञान के लिए एआई जो चिकित्सा, पदार्थ विज्ञान, जलवायु और गणित जैसे क्षेत्रों में नई खोजों की प्रक्रिया को तेज करती है। हार्डवेयर जिसके अंतर्गत विशेष प्रकार की चिप और ऊर्जा की कम खपत करने वाली कंप्यूटिंग तकनीक विकसित की जाती है। सीखने की पद्धतियां जो एआई को कम उदाहरणों से सीखनेए उपयोगी प्रशिक्षण डेटा तैयार करने और अपनी क्षमताओं में लगातार सुधार करने में मदद करती हैं।

एआई की वैश्विक दौड़ में भारत की असली ताकत भारतीय भाषाएं

इन्हीं से दुनिया में पहचान बन सकती है

आधार और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से भारत ने यह साबित किया है कि वह अभूतपूर्व पैमाने पर और कम लागत में समस्याओं का समाधान कर सकता है। इसके अलावा वह ऐसा डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार कर सकता है जिसका अनुकरण करने की कोशिश दुनिया के दूसरे देश भी करते हैं। अब चुनौती एआई अनुसंधान के क्षेत्र में इसी उपलब्धि को दोहराने की है। इसके लिए भारत को ऐसे क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जिनमें वह अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

आज आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) का अनुसंधान मोटे तौर पर 10 व्यापक क्षेत्रों में फैला हुआ है। आधारभूत मॉडल जो सामान्य उपयोग वाले एआई को शक्ति प्रदान करते हैं। इन्हें लगातार छोटाए तेज और अधिक सक्षम बनाया जा रहा है ताकि कम संसाधनों में बेहतर परिणाम मिल सकें। रीजनिंग यानी तर्क क्षमता जो एआई को जटिल समस्याओं को चरणबद्ध ढंग से समझने और उनका समाधान करने में सक्षम बनाती है।


एआई एजेंट्स जो ऐसे एआई सिस्टम हैं जो विभिन्न उपकरणों का इस्तेमाल कर सकते हैं और स्वतंत्र रूप से कार्यों को अंजाम दे सकते हैं। मल्टीमोडल एआई यानी ऐसी तकनीक जो टेक्स्ट, तस्वीरों, ऑडियो, वीडियो और भौतिक दुनिया की समझ को एक साथ जोड़ती है।

विज्ञान के लिए एआई जो चिकित्सा, पदार्थ विज्ञान, जलवायु और गणित जैसे क्षेत्रों में नई खोजों की प्रक्रिया को तेज करती है। हार्डवेयर जिसके अंतर्गत विशेष प्रकार की चिप और ऊर्जा की कम खपत करने वाली कंप्यूटिंग तकनीक विकसित की जाती है। सीखने की पद्धतियां जो एआई को कम उदाहरणों से सीखनेए उपयोगी प्रशिक्षण डेटा तैयार करने और अपनी क्षमताओं में लगातार सुधार करने में मदद करती हैं।

आखिरी शासन और नियमन जो एआई से जुड़े निष्पक्षता, निजता, पारदर्शिता और नियमन जैसे मुद्दों से संबंधित है। अमेरिका को फाउंडेशन मॉडल, रीजनिंग, एआई एजेंट्स, सुरक्षा, विज्ञान के लिए आई और हार्डवेयर के क्षेत्र में बढ़त हासिल है। रोबोटिक्स और एआई अनुसंधान से जुड़े प्रकाशनों के मामले में चीन सबसे आगे है। एआई गवर्नेंस के क्षेत्र में यूरोप को बढ़त है।

भाषा आधारित एआई के क्षेत्र में भारत के पास वास्तविक क्षमताएं हैं। एआई भारत, भारतजेन, सर्वम एआई और भाषिणी जैसे संस्थान एवं पहले संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं के लिए एआई मॉडल और डेटासेट विकसित कर रहे हैं। इन प्रयासों के लिए दुनिया भर में बाजार की संभावनाएं हैं। व्यावहारिक उपयोग वाले एआई के क्षेत्र में भी भारत आगे बढ़ रहा है।

आईआईटी रोपड़ का अन्नमडॉटएआई किसानों को स्थानीय मौसम संबंधी जानकारी उपलब्ध कराता है, जबकि आईआईटी कानपुर का ऐरावत रिसर्च फाउंडेशन



एआई आधारित वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणालियां विकसित कर रहा है।

एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी और 92 देशों की ओर से नई दिल्ली घोषणा.पत्र को समर्थन मिलने से एआई गवर्नेंस के क्षेत्र में भारत की आवाज मजबूत हुई है। इंडिया एआई मिशन ने विभिन्न क्षेत्रों में एआई मॉडल विकसित करने वाली टीमों को प्रोत्साहित किया है और 45000 से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स-जीपीयू उपलब्ध कराए हैं। भारत बहुभाषी बेंचमार्क विकसित कर सकता है, सामाजिक पूर्वग्रहों की जांच कर सकता हैए डीपफेक की पहचान कर सकता है और विकासशील देशों की जरूरतों के अनुरूप सुरक्षा मानक तैयार कर सकता है। इन प्राथमिकताओं को वास्तविकता में बदलने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं।

पहला एक राष्ट्रीय एआई विकास संगठन बनाया जाना चाहिए। इसे एक गैर.सरकारी सार्वजनिक संस्था के रूप में गठित किया जा सकता है। इसकी प्रस्तावित हिस्सेदारी इस प्रकार हो सकती है रू 26 फीसदी हिस्सेदारी केंद्र सरकार की होए 26 फीसदी हिस्सेदारी भारतीय स्टेट बैंक-एसबीआई और भारतीय जीवन बीमा निगम - एलआईसी की होए 30फीसदी हिस्सेदारी आईटी उद्योग की हो और शेष हिस्सेदारी परोपकारी संस्थाओं और अकादमिक संस्थानों की हो।

दूसरा अगले एक दशक तक हर साल 25000 से 30000 करोड़ रुपये का धन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इस राशि को कई क्षेत्रों में थोड़ा.थोड़ा बांटने के बजाय चुनिंदा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित किया जाना चाहिए।

तीसरा सार्वजनिक धन से विकसित एआई मॉडल, डेटासेट और बेंचमार्क खुले तौर पर उपलब्ध होने चाहिए। सुरक्षित और सहमति आधारित तरीके से एआई के प्रशिक्षण को संभव बनाने वाले डेटा एम्पावरमेंट ऐंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर -डीईपीए को मिशन मोड में लागू किया जाना चाहिए।

चौथा सरकार को भारतीय एआई समाधानों का पहला ग्राहक बनना चाहिए। इससे इन समाधानों की मांग पैदा होगी और संभावनाशील भारतीय एआई उत्पादों एवं तकनीकों को बड़े पैमाने पर विकसित करने और बाजार में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

पांचवां अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने के लिए एक हजार रिसर्च चेयर स्थापित की जानी चाहिए। वर्ष 2014 की विश्वेश्वरैया पीएचडी योजना की तर्ज पर कई हजार डॉक्टरेट फेलोशिप शुरू की जानी चाहिए। विदेश में कार्यरत भारतीय शोधकर्ताओं को देश में वापस आने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास भी किए जाने चाहिए।

छठाए साझा जीपीयू सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिएए राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग के लिए वित्तपोषण किया जाना चाहिए और सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से ऊर्जा दक्ष एआई चिप के विकास को प्रोत्साहित करना चाहिए।

भारत के लिए अवसर अपनी एक अलग और नई राह बनाने में है। ऐसी एआई तकनीक विकसित करने में जो हर भाषा में संवाद कर सके और लोगों के हाथों में मौजूद अरबों उपकरणों पर काम कर सके।

नारनौर घाट पर गंगा स्नान मेले का शुभारंभ

गूंजे मां गंगा के जयकारे, भक्ति में डूबे श्रद्धालु सारे





चाँदपुर (चिंगारी)। चांदपुर क्षेत्र के ग्राम नारनौर स्थित गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेले का श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के वातावरण में भव्य शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर गंगा तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। चारों ओर मां गंगा के जयकारों और धार्मिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया। कल शाम कार्यक्रम का शुभारम्भ न्यायिक तहसीलदार पंकज निर्वाल एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरिता सैनी ने मां गंगा के पावन तट पर विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन एवं आरती में सम्मिलित होकर किया। धार्मिक अनुष्ठान को पंडित अजय कौशिक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरिता सैनी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में विशेष धार्मिक महत्व रखता है। मां गंगा के तट पर आयोजित होने वाला यह मेला हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। वहीं न्यायिक तहसीलदार पंकज निर्वाल ने भी आयोजन के शुभारम्भ के अवसर पर धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में गंगा समिति के प्रबंधक निरीश गुप्ता (बिल्लू गुप्ता) सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु बंधु उपस्थित रहे। नारनौर गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला यह मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाने और पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। मेले के शुभारम्भ के साथ ही गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का उत्साह और धार्मिक वातावरण देखने को मिला।



राजेंद्र सिंह को मिला गुरु गौरक्ष सम्मान

बिजनौर (चिंगारी)। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन मथुरा में विश्व हिंदू महासंघ का 3 दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में जनपद बिजनौर के जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह को गुरु गोरक्ष सम्मान से सम्मानित किया गया। यह संगठन का प्रथम सम्मान है। बता दें कि राजेंद्र सिंह विगत 20 वर्षों से संगठन में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण, संगठनात्मक सोच, संगठन विस्तार एवं हिंदुत्व के विचारों के प्रति उनके योगदान को देखते हुए संगठन द्वारा उन्हें यह प्रथम सम्मान प्रदान कर गौरवान्वित किया गया। राजेंद्र सिंह को यह सम्मान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, श्री कालिका पीठाधीश्वर महंत सुरेंद्र अवधूत और श्रीमती अस्मिता भंडारी आदि द्वारा प्रदान किया गया।

अयोध्या में आस्था का सैलाब, 50 लाख श्रद्धालुओं ने की पंचकोसी परिक्रमा

अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर रामनगरी अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा शुरू होते ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अनुमान जताया है कि इस बार करीब 50 लाख श्रद्धालु पंचकोसी परिक्रमा में शामिल हुए हैं। श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष के साथ करीब 15 किलोमीटर की परिक्रमा पूरी करते दिखे। परिक्रमा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि श्रद्धालु जिस स्थान से यात्रा शुरू करते हैं, उसी स्थान पर लौटकर इसे पूर्ण करते हैं। पहले पंचकोसी परिक्रमा संकरी गलियों से होकर होती थी, लेकिन अब यह फोर लेन मार्ग पर सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो रही है। श्रद्धालुओं ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की।

गायत्री निराला के भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री बनने पर खुशी की लहर

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए नजीबाबाद निवासी गायत्री निराला को पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा का क्षेत्रीय मंत्री मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा की संस्तुति पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष अर्चना सिंह जाट एवं भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर ने गायत्री निराला को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। गायत्री निराला इससे पूर्व अनुसूचित मोर्चा की जिला मंत्री एवं मंडल उपाध्यक्ष सहित संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुकी हैं। वह लंबे समय से पार्टी की सक्रिय एवं निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में संगठन को अपनी सेवाएं दे रही हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनकी मेहनत, लगन और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर गायत्री निराला ने पार्टी एवं संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



गायत्री निराला को भगवान का चित्र भेंट करते हुए अवनीश अग्रवाल टांडे वाले।

भाजपा ही देश और समाज का भला कर सकती है- डा. वीरेंद्र सिंह राजपूत

बिजनौर (चिंगारी)। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के संभावित प्रत्याशी डा. वीरेंद्र सिंह राजपूत ने क्षेत्र के गांव आलमपुरी में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया और लोगों को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए डा. वीरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही देश का भला कर सकती है। भाजपा सरकार देश के विकास, जनकल्याण और आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। सभा में ग्राम प्रधान के साथ सेक्टर संयोजक यशवीर सिंह एवं कृपाल सिंह, सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्ष गौरव कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई।



सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

HONDA
शुभ नवरात्री शुभ दीपावली
त्योहारों की खुशियाँ मनाएं
चौधरी होंडा के साथ
आज ही अपनी पसंदीदा बाइक/स्कूटर
बुक करें या खरीदें और पाएं
₹2100/- का SAMSUNG MOBILE बिल्कुल FREE
Shine 100 DX
ACTIVA 110
₹70445* ₹65445*
डाउन पेमेंट ₹5100*
एक्सचेंज बोनस ₹2000*
कैशबैक ₹10000*
कम किश्त ₹2499*
चौधरी होण्डा
स्टेशन रोड, बिजनौर
मण्डावर ब्रांच- बिजनौर रोड निकट बिजली घर, मण्डावर, बिजनौर
M. 9927224422, 8958224422

हिंदी ओलम्पियाड में गुरुतेग बहादुर स्कूल के 39 विद्यार्थियों का क्षेत्रीय स्तर के लिए चयन



नूरपुर (चिंगारी)। धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 39 विद्यार्थियों का चयन क्षेत्रीय स्तर के लिए हुआ है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। क्षेत्रीय स्तर के लिए चयनित विद्यार्थियों में विधान, पार्थ, आरव, अफ्फान, मनक्रीत, हर्षित, अल्शीद्रा, पार्थ, स्वस्ति, अक्षर, भूमि, मानवी, परिधि, कनिष्का, काव्या, सत्यम, अवनी, मीशा, निषेध, मनप्रीत, सिदरा, अदिति, अजितेश, कीर्तिका, अर्नव, रुद्राक्ष, धैर्य, प्रभसिमरन, अर्श, मुदित, दीक्षित, लक्षित, चेतना, कनिष्का एवं कृतिका, फ़ायजा, अदिति, दीक्षित, संस्कृति शामिल हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मनदीप सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान एवं गौरव का प्रतीक है। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके परिश्रम, भाषा के प्रति रुचि एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने कहा कि एक साथ 39 विद्यार्थियों का क्षेत्रीय स्तर के लिए चयन होना विद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या अर्चना राजपूत एवं समन्वयक दीपक कुमार ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में भाषाई दक्षता, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। इस उपलब्धि में हिंदी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष अंशुल गोयल तथा हिंदी शिक्षिकाओं अनीता,नीतू एवं गुंजन के मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों से विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की तैयारी कराई गई।

कनपटी पर तमंचा लगाकर दुराचार का प्रयास

धामपुर (चिंगारी)। बीती रात धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बसेड़ा खुर्द में एक महिला की कनपटी पर तमंचा रखकर उनके साथ दुराचार करने का प्रयास किया गया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार की है। ग्राम बसेड़ा खुर्द, थाना धामपुर निवासी एक महिला ने बताया कि वह रात्रि 11 बजे घर में सोयी हुयी थी। आरोप है कि रात्रि में शानेखान व समीर पुत्र इकबाल चाकू व तमंचा लेकर घर में घुस आये और शानेखान ने तमंचा कनपटी पर लगाकर उसके साथ बदतमीजी व बलात्कार करने की कोशिश की व समीर ने उनकी पुत्री के साथ ज्यादती करने की कोशिश की। इसी बीच पति व मौहल्ले के लोगों को आता देख शानेखान ने उसके पति के कनपटे पर तमंचा लगा दिया व जान से मारने की धमकी देकर दोनों वहां से फरार हो गये। महिला ने घटना की नामजद तहरीर पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार की है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत एसबीडी में हुई प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता

धामपुर (चिंगारी)। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'सड़क सुरक्षा नियम, विज्ञान एवं नागरिक उत्तरदायित्व' विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में सहायक प्राध्यापिका एवं सड़क सुरक्षा क्लब की नोडल अधिकारी कु. रितु डी. द्वारा किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा क्लब की सदस्य श्रीमती प्रियंका जैन ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में कु. सकीना सईद एवं कु. जोहा परवीन, बी.एस.सी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, कु. सादमा परवीन, बी.एस.सी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय एवं कु. अलीसा खान, बी.एस.सी प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा सड़क पर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कु. काजल सिसौदिया, श्रीमती दुलारी व श्री रामसिंह का सहयोग रहा।

कोर्ट ने प्रार्थना-पत्र को किया निरस्त

बिजनौर (चिंगारी)। विशेष सत्र न्यायाधीश एस सी एस टी एक्ट अर्पणा पाण्डे ने धारा 173 (4) भारतीय न्याय प्रक्रिया संहिता के तहत दिए गए प्रार्थना पत्र को फर्जी मानते हुए निरस्त कर दिया है। अधिवक्ता मनोज ढाका के अनुसार हल्दौर थानांतर्गत ग्राम अतापुर उर्फ खतापुर निवासी ध्यान सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह ने न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया कि शिवम् कुमार, हिमांशु, रणधीर एवं राजपाल की खाने के पैसों को लेकर ढाबे पर कहासुनी हो गई थी। उसके पुत्र ने भी झगड़े के बारे में जानकारी की तो इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। इस मामले में न्यायालय ने थाने से आख्या मंगाई तो वहां से रिपोर्ट आई कि इन लोगों के विरुद्ध पहले से रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। उसका फैसला करने के दबाव के कारण यह प्रार्थना पत्र दिया गया है। सही आधार न पाकर प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है।

मिल के गन्ना अधिकारी को जान से मारने की धमकी दी

तौल लिपिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

नूरपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव चांगीपुर स्थित बिंदल शुगर मिल के गन्ना अधिकारी व सहायक महाप्रबंधक इंद्रवीर सिंह ने बताया कि शुगर मिल का जनपद अमरोहा के केलबक़री स्थित गन्ना सेंटर पर वंश यादव पुत्र अमित कुमार तौल लिपिक के पद पर कार्यरत था। गत वर्ष पेराई सत्र के दौरान सेंटर पर गन्ना तौल कार्य मे अनियमिता पाए जाने पर वंश यादव को इस वर्ष सेंटर से हटा दिया गया है। आरोप है कि गत 9 नवम्बर को तौल लिपिक वंश यादव द्वारा चीनी मिल के गन्ना अधिकारी/ सहायक महाप्रबन्धक इंद्रवीर सिंह को दूरभाष पर अत्यन्त अभद्र एवं अमर्यादित व्यवहार करते हुए सेन्टर (कैलबकरी द्वितीय) पर आने पर गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी गई। तौल लिपिक के इस कृत्य से न केवल अधिकारी की मान मर्यादा को ठेस पहुंची तथा शांति एवं अनुशासन भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र राठी ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

पांचवी प्रभात फेरी के दौरान, गणमान्यों का किया गया सम्मान

धामपुर (चिंगारी)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से आज निकाली गई पांचवी प्रभात फेरी का नगर में चार स्थानों पर स्वागत किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा पूर्व पालिका सभासद बीबी जगमीत कौर सलूजा एवं पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल के चैयरमेन डॉक्टर एनपी सिंह, नहटौर डिग्री कॉलेज के संस्थापक इंजीनियर आशीष सिंघल को सम्मानित भी गया।



सरदार सतवंत सिंह सलूजा को गुरु नानक जी का चित्र भेंट करते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी।

गुरुद्वारा से गुरु महाराज ज्ञानी रघुवीर सिंह एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के निर्देशन में निकाली गई। प्रभात फेरी का पहला स्वागत मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित शिव मंदिर सैनी धर्मशाला के निकट सरदार महेश सिंह कारीगर, जितेंद्र कौर, आदित्य सिंह, कुश सिंह, अंश सिंह, आरव सिंह, तनप्रीत कौर, रवनूर कौर, खुशी रानी आदि ने किया, जबकि दूसरा स्वागत दुर्गा विहार कॉलोनी मे अग्रवाल परिवार की संरक्षक माता प्रतिभा अग्रवाल के संरक्षण में धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के अध्यक्ष रोटेरियन मयंक अग्रवाल, पलक अग्रवाल, पंखुड़ी अग्रवाल तथा मानिक अग्रवाल ने किया। तीसरा स्वागत दुर्गा विहार कॉलोनी की ही त्रिवेणी कॉलोनी मे सलूजा भवन पर सरदार सतवंत सिंह सलूजा, सरदार गगनदीप सिंह सलूजा, सरदार हरभजन सिंह सलूजा मिनिस्टर, सरदार अमनदीप सिंह सलूजा, बीबी कुलमीत कौर सलूजा, जसनूर कौर सलूजा के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा एवं पूर्व पालिका सभासद बीबी जगमीत कौर सलूजा को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चौथा स्वागत गुरु घर के समर्पित एवं निष्ठावान सेवक वेद प्रकाश जुनेजा टोनी के परिवार की ओर से गुरुद्वारा परिसर में किया गया जिसमें पम्मी रानी जुनेजा, सुमित जुनेजा, तमन्ना जुनेजा, छविष्का जुनेजा तथा बहजोई निवासी दिलीप सिंह होरा, खुशबू रानी होरा तथा समर्थ होरा आदि का समर्पित योगदान रहा।

सीएम की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया

धामपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी सावित्री देवी का शुक्रवार को निधन हो गया था। आज हरिद्वार में चंडी घाट पर उनका अंतिम संस्कार वैदिक विधि विधान से हुआ जिसमें धामपुर से शामिल होने के लिए हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, आर्किटेक्ट अनिल कुमार पाल, हर्ष कुमार, आकाश आदि हरिद्वार पहुंचे, जहां डॉ. एनपी सिंह ने उनके शव पर पुष्प अर्पित किये और दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री जी के चरण स्पर्श किये। डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि मां के निधन के बाद मुख्यमंत्री जी बहुत भावुक थे। मां के प्रति मुख्यमंत्री जी का गहरा लगाव था। श्रीमती सावित्री देवी के निधन पर विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता आदि ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है गंगा स्नान मेला- साकेंद्र

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का भव्य शुभारंभ





बिजनौर/गंज (चिंगारी)। जनपद के प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का शुक्रवार को विदुर कुटी के समीप गंगा तट पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत प्रशासक साकेंद्र प्रताप सिंह, नहटौर विधायक ओम कुमार, धामपुर विधायक अशोक राणा और भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने फीता काटकर तथा गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत प्रशासक साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला जनपद की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह मेला श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए जिला पंचायत एवं जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

सनातन परंपरा में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व-ओम कुमार

नहटौर विधायक ओम कुमार ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखता है। इस पावन अवसर पर दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचकर मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं। यह मेला हमारी धार्मिक विरासत और सांस्कृतिक



एकता को मजबूत करने का माध्यम है।

मेले से बढ़ता है आपसी भाईचारा और सद्भाव-अशोक राणा

धामपुर विधायक अशोक राणा ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान का पर्व जनपद के लिए गौरव और आस्था का विषय है। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से आपसी भाईचारे और सामाजिक सदभाव को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मेले में स्वच्छता बनाए रखने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

मां गंगा आध्यात्मिक चेतना की आधारशिला-भूपेंद्र चौहान

भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कि मां गंगा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना की आधारशिला हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विशेष धार्मिक महत्व है। उन्होंने श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मेले को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग की अपील की।

ये भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में बिजनौर की चेयर पर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, झालू के चेयरमैन लोकेंद्र सिंह, किसान नेता दिगंबर सिंह, डॉ धर्मवीर सिंह, भारतीय कबड्डी स्टार राहुल चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, मंजू चौधरी, राकेश प्रमुख, विजयदीप उर्फ बबलू, अरुण कुमार,चौ. सुरेंद्र सिंह (घेर रामबाग) ,ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के अंकित कुमार व जिले के आला अफसर भी मौजूद रहे।



अवैध शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस का छापा, 1500 लीटर लहन नष्ट

बढ़ापुर पुलिस ने रामगंगा नदी किनारे चलाया सर्च अभियान

बिजनौर (चिंगारी)। अवैध कच्ची शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए बढ़ापुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के जंगलों में छापेमारी कर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अवैध शराब बनाने के ठिकानों को ध्वस्त करते हुए मौके पर मिला करीब 1500 लीटर लाहन नष्ट कर दिया। हालांकि, मौके से अवैध शराब बनाते हुए कोई व्यक्ति नहीं मिला। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी नगीना के निकट पर्यवेक्षण में 20 नवंबर 2026 को थाना बढ़ापुर पुलिस ने यह अभियान चलाया। अभियान के तहत ग्राम कुआंखेड़ा के जंगल में रामगंगा नदी किनारे सघन तलाशी ली गई। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को जंगल में अवैध कच्ची शराब बनाने के ठिकाने मिले। पुलिस ने शराब बनाने के उपकरणों और अन्य सामान को नष्ट करते हुए करीब 1500 लीटर लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया। साथ ही अवैध शराब बनाने के उपकरणों को ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि भविष्य में भी अवैध कच्ची शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए लगातार सर्च अभियान चलाया जाएगा। इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।





भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

बिजनौर (चिंगारी)। वर्धमान कॉलेज, बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में मनीष कुमार ने प्रथम, रितिका ने द्वितीय तथा मोहम्मद आकिब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं ने अपने प्रभावशाली विचारों एवं प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. दुर्गा जैन एवं डॉ. मोहम्मद साबिर के निर्देशन में किया गया।

मां की अंतिम विदाई में भावुक हुए सीएम योगी

आंखों से छलक पड़े आंसू

ऋषिकेश (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तराखंड के पौड़ी जिले के पंचूर गांव में अपनी मां सावित्री देवी को अंतिम विदाई देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। खुद को संयत करने की कोशिश में सीएम योगी रूमाल से अपनी आंखे पोंछते नजर आए। उन्होंने मां के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कुछ देर तक मां के शरीर के सामने खड़े होकर उन्हें एकटक निहारते रहे। सीएम योगी कई बार भावुक होते दिखे।

सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम जब अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे तो माहौल बेहद भावुक हो गया। शाम 4 बजकर 55 मिनट पर पैतृक आवास पहुंचते ही उन्होंने माता के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वह मां के सामने कुछ देर तक मौन खड़े रहे। उनकी नम आंखों को देखकर वहां मौजूद ग्रामीणों और रिश्तेदारों की आंखें भर आईं। घर पहुंचने पर योगी ने परिजनों से पूछा कि मां की तबीयत कब से खराब थी और उन्हें क्या-क्या परेशानियां हो रही थीं। मां के अंतिम दिनों से जुड़ी बातें जानने के दौरान माहौल गमगीन रहा। योगी के गांव पहुंचने की सूचना मिलते बड़ी संख्या में लोग उनके पैतृक आवास पहुंचने लगे। नाते-रिश्तेदारों के साथ गांव और दूर-दराज से आए लोग भी सावित्री देवी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पूरे गांव में शोक का माहौल नजर आया। इस दौरान स्पीकर ऋतु खंडूड़ी, मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक रेणु बिष्ट, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी मौजूद रहे।



मां की अंतिम विदाई की तैयारियों के दौरान भी सीएम योगी की आंखों से बार-बार आंसू छलक रहे थे। निषाद पार्टी के मुखिया और यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद भी पंचूर पहुंचे। उन्होंने भी सीएम योगी की मां को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मां से था विशेष लगाव

सीएम आदित्यनाथ का अपनी मां सावित्री देवी के प्रति विशेष लगाव था। 2024 में जब योगी को मां के ऋषिकेश एम्स में भर्ती होने की सूचना मिली तो वे खुद को एम्स जाने से रोक नहीं सके। 16 जून 2024 को योगी ने एम्स में मां से मुलाकात की थी। सावित्री देवी को एम्स में मई 2024 को भर्ती कराया गया था, जिसके बाद 16 मई 2024 को छुट्टी मिली। 14 जून 2024 में भी उन्हें फिर एम्स में भर्ती कराया गया था। 16 जून को योगी ने उनसे मुलाकात की थी। 10 अक्तूबर 2024 को सावित्री को जौलीग्रांट में तबीयत बिगड़ने पर भर्ती कराया गया था, जहां योगी उनसे मिलने पहुंचे। बहन शशि बताती हैं कि बीते कुछ दिनों से मां का स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह फोन पर बात नहीं कर पा रही थीं, लेकिन योगी भाइयों से फोन पर संपर्क में थे।

इसी महीने मां से मिलने पंचूर आने वाले थे योगी

संन्यास लेने के बाद योगी ने सांसारिक जीवन और पारिवारिक मामलों से दूरी बनाए रखी। फिर भी वे समय-समय पर पंचूर जाकर मां से मिलते रहे। योगी मुख्यमंत्री बनने के बाद मई 2022 में पहली बार मां से मिलने पंचूर गए थे, जहां उन्होंने मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसी माह वह फिर मां से मिलने पंचूर आने की योजना बना रहे थे। संन्यास के बाद भी मां से योगी का अटूट स्नेह रहा।

सीएम योगी ने की भावुक पोस्ट



मां के शव के आगे मौन खड़े दिखे मुख्यमंत्री

वयोवृद्ध माता सावित्री देवी के निधन की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंच गए। शाम 4 बजकर 55 मिनट पर योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक घर पहुंचे। उन्होंने माता के शव पर फूल चढ़ाए। इस दौरान उनकी आंखें नम हो गईं। मां के सामने खड़े होकर योगी कुछ देर तक मौन रहे। गांव के लोगों ने इस भावुक पल को देखा तो सभी की आंखें भर आईं।

पंचूर गांव में हुआ श्रीमद् भगवत गीता का पाठ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी के निधन के बाद पंचूर गांव में श्रीमद् भगवत गीता का पाठ किया गया। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पंचूर पहुंचने पर परिजनों से माता की आत्मा की शांति के लिए पाठ करवाने को कहा था। उनकी बात पर परिजनों ने शाम को ही पाठ का आयोजन कराया। श्रीमद् भगवत गीता का पाठ पंचूर निवासी डॉ. सूरज मोहन आचार्य ने किया। शाम के समय हुए इस पाठ में परिजनों के लोग भी शामिल हुए। मान्यता है कि मृत्युपरांत मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रीमद् भगवत पाठ किया जाता है। इससे दिवंगत आत्मा को शांति मिलती है और परिजनों को भी संबल मिलता है। यह पाठ करीब डेढ़ घंटे का होता है। पाठ के दौरान माता सावित्री देवी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

अचानक भगवा पहन घर पहुंचे थे

न्यू इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक खबर के मुताबिक, जिस बेटे को उन्होंने हमेशा पैंट और कमीज में देखा था, वह अब भगवा वस्त्र धारण कर चुका था, सिर मुंडा हुआ था, कानों में बड़े साइज के कुंडल और हाथों में भिक्षा पात्र था। यह कोई मां और बेटे के बीच आम मुलाकात नहीं थी बल्कि वे संन्यास के रास्ते पर कदम रखने से पहले एक जरूरी रस्म निभाने पहुंचे थे और यह रस्म थी अपनी मां से पहली भिक्षा मांगना।

घर के अंदर भी नहीं घुसे थे

अजय सिंह बिष्ट इस मुलाकात के दौरान घर के अंदर नहीं घुसे थे। इस दौरान उन्होंने मां से कहा कि वे भिक्षा में जो कुछ भी दे सकती हैं दे दें। मां को अब यकीन था कि बेटा बात मानेगा और संन्यास की राह छोड़ देगा। हालांकि अजय सिंह अपने इरादे तय कर चुके थे और उनकी जिद के आगे मां ने हार मान ली और घर के अंदर से कुछ चावल और पैसे लेकर आई और बतौर भिक्षा बेटे को थमा दिए। इसके बाद अजय सिंह पीछे मुड़कर नहीं देखा और संन्यास की राह पर चल दिए जबकि मां दरवाजे पर खड़े अपने बेटे को हमेशा के लिए दूर जाते हुए देखते रही। वक्त बीतने के बाद अजय योगी आदित्यनाथ के नाम से पहचाने जाने लगे। 2014 में अपने गुरु महंत अवैद्यनाथ के निधन के बाद उन्होंने गोरखनाथ पीठ के पीठाधीश्वर के रूप में पदभार संभाला।

नास्ति मातृसमा छाया नास्ति मातृसमा गतिः।
नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रिया॥



मां रहने नहीं, भिक्षा लेने आया हूं..

मां ने भिक्षा में दिया था चावल, फल और सिक्के

कुछ रिश्ते वक्त और दूरियों से कभी खत्म नहीं होते। मां और बेटे का रिश्ता भी ऐसा ही होता है। बेटा चाहे कितनी ही ऊंचाइयों पर पहुंच जाए, मां के लिए वह हमेशा उसका बच्चा ही रहता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी मां सावित्री देवी के जीवन का एक ऐसा ही भावुक प्रसंग है जो आज मां के निधन के बाद और भी मार्मिक हो गया है। ये बात उस दिन की है जब योगी आदित्यनाथ संन्यास ग्रहण करने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे थे।

वर्ष 1993 में घर छोड़कर गोरखपुर आए अजय सिंह बिष्ट ने 14 जनवरी 1994 को संन्यास की दीक्षा ग्रहण की और योगी आदित्यनाथ बन गए। इसके करीब चार वर्ष बाद जब वह संन्यासी के रूप में अपने गांव लौटे तो उनका उद्देश्य परिवार के साथ समय बिताना नहीं बल्कि संन्यास परंपरा के एक महत्वपूर्ण विधान को पूरा करना था।



उन्हें अपने माता-पिता से संन्यासी के रूप में भिक्षा लेनी थी। घर के आंगन में जब संन्यासी बेटे के सामने मां आईं तो भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मां ने अपने बेटे को भिक्षा स्वरूप चावल, फल और सिक्के दिए। यह भिक्षा देते हुए उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। मां का मन बेटे को दोबारा दूर भेजने के लिए तैयार नहीं था। उन्होंने उन्हें रोकने की कोशिश की और वापस न जाने की गुहार लगाई।

मां की ममता और संन्यासी बेटे के संकल्प के बीच एक भावुक पल ठहर गया। योगी आदित्यनाथ ने मां से कहा था, 'मां-मैं यहां रहने नहीं, भिक्षा लेने आया हूं।' ये कुछ शब्द थे लेकिन इनके पीछे एक मां की ममता और बेटे के संन्यासी जीवन का कठोर संकल्प छिपा था।

उस दिन मां ने अपने बेटे को भिक्षा देकर संन्यास की परंपरा का निर्वहन किया लेकिन मां का मन शायद उसे विदा करने को तैयार नहीं था। मां के निधन के बाद पंचूर गांव में इन्हीं बातों को याद कर लोग भावुक हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सावित्री देवी ने बेटे को हमेशा आशीर्वाद दिया और उसके फैसले का सम्मान किया।

संन्यासी मुख्यमंत्री का राजधर्म

मातृशोक में भी जनकल्याण सर्वोपरि



गोरखपुर (एजेंसी/चिंगारी)। सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत पीड़ा और संवैधानिक दायित्वों के बीच संतुलन साधना हर किसी के वश की बात नहीं होती, लेकिन गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाबा गोरखनाथ की धरती से कर्तव्यनिष्ठा और राजधर्म की एक ऐसी हृदयस्पर्शी मिसाल पेश की, जिसने हर संवेदनशील मन को भावुक कर दिया है। गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में विद्यार्थियों के लिए आयोजित टैबलेट वितरण समारोह के दौरान जब मुख्यमंत्री को मां के निधन की हृदयविदारक सूचना मिली, तब भी उन्होंने अपनी निजी पीड़ा और अंतर्मन में उमड़े असहनीय शोक को युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के मार्ग में नहीं आने दिया। इस अपूरणीय क्षति की सूचना के बाद भी उन्होंने पूरी दृढ़ता के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया। गोरखपुर मंडल के 50 हजार विद्यार्थियों के लिए टैबलेट वितरण के समारोह का माहौल बेहद उत्सवी और उत्साहपूर्ण था। मंच पर 23 विद्यार्थियों को अपने हाथों से टैबलेट देने के बाद सीएम योगी अपने संबोधन से हजारों विद्यार्थियों को प्रेरित कर रहे थे, उनका करियर कैसे संवरेगा, इसके लिए गुरुमंत्र दे रहे थे। जैसे ही उनका प्रेरक संबोधन समाप्त हुआ तो वह विद्यार्थियों के बीच जाकर उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मंच से उतरने को बढ़े। मुख्यमंत्री के पोडियम से हटते ही उन्हें माता सावित्री देवी जी के निधन की अत्यंत दुखद सूचना दी गई। मां के गोलोकवासी होने की जानकारी मिलते ही योगी की आंखें भर आईं। दुःख और शोक से मिश्रित अंतर्मन की भावनाएं उमड़ने को हुईं, लेकिन मुख्यमंत्री ने सामने हजारों माताओं के बच्चों को बैठे देखा जो उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदों को लेकर उत्साह से लबरेज थे। उन्हें पता था कि मुख्यमंत्री भाषण खत्म करने के बाद उनके बीच जरूर आएंगे। मुख्यमंत्री ने क्षण भर में ही विद्यार्थियों की उम्मीदों को भांप लिया। अथाह निजी पीड़ा और शोक को पे रखकर वह संयत होकर विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। उनके साथ सेल्फी लेकर उनसे अनकहा वादा निभाया, उन्हें प्रोत्साहित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों को उस समय इस बात का आभास तक नहीं हो सका कि उनके साथ खड़े प्रदेश के मुखिया इस समय कितने बड़े व्यक्तिगत आघात से गुजर रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को जब बाद में इस घटना की जानकारी हुई, तो हर कोई स्तब्ध रह गया। मां का निधन, किसी भी पुत्र के लिए जीवन का सबसे दुखद व कठिन क्षण होता है, लेकिन एक संन्यासी और प्रदेश के मुखिया के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस संयम और धैर्य का परिचय दिया, वह अनिवर्चनीय था। लोगों ने इसे जनसेवा ही सर्वोच्च प्राथमिकताश् और श्रेष्ठ प्रथमश् संकल्प का जीवंत उदाहरण बताया। मातृशोक की गहरी पीड़ा को भीतर समेटे हुए मुख्यमंत्री ने जिस तरह युवाओं के कल्याण, उनके भविष्य और प्रदेश सेवा के प्रति अपना समर्पण दिखाया, वह सार्वजनिक जीवन में शुचिता और कर्तव्यपरायणता के मानक के रूप में याद रखा जाएगा।

सावित्री देवी ने सादगी से बिताया जीवन



एक बेटा देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बन गया लेकिन मां की दुनिया कभी नहीं बदली। न उनके रहन-सहन में कोई दिखावा आया और न ही गांव की मिट्टी से उनका जुड़ाव कम हुआ। बेटे की राजनीतिक ऊंचाइयों से दूर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के छोटे से गांव पंचूर में सावित्री देवी ने अपनी सादगी और पारिवारिक मूल्यों के साथ जीवन बिताया। अब उनके निधन के बाद उनकी यही सादगी, ममता और बेटे के साथ जुड़ी यादें लोगों को भावुक कर रही हैं।

छोड गईं भरा पूरा परिवार

सावित्री देवी के बेटों में सबसे बड़े मानेंद्र सिंह बिष्ट, दूसरे योगी आदित्यनाथ, तीसरे शैलेंद्र मोहन बिष्ट एवं सबसे छोटे महेंद्र सिंह बिष्ट हैं। तीन बहनों में बड़ी बेटी पुष्पा देवी, दूसरी कौशल्या देवी एवं तीसरी बेटी शशि देवी हैं। सावित्री देवी का भरा पूरा परिवार पंचूर गांव में निवास करता है। परिजनों के अनुसार अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। गांव में बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

दूसरा बड़ा पारिवारिक दुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए यह दूसरा बड़ा पारिवारिक दुख है। इससे पहले अप्रैल 2020 में उनके पिता आनंद सिंह बिष्ट का निधन हुआ था। उस समय कोरोना महामारी के कारण लागू प्रतिबंधों और मुख्यमंत्री के दायित्वों के चलते वह पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके थे। गोरखनाथ मंदिर परिवार की ओर से भी सावित्री देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शुक्रवार को मंदिर परिसर में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और शोकसभा आयोजित की गई।

रवि किशन को सबसे पहले इस खबर की जानकारी मिली थी

बीजेपी सांसद रवि किशन को सबसे पहले इस खबर की जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के सलाहकार और पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी को इसकी जानकारी दी थी। करीब 61 मिनट का अपना संबोधन पूरा करने के बाद योगी आदित्यनाथ मंच के पीछे गए, जहां अवनीश अवस्थी ने उन्हें मां के निधन की जानकारी दी। खबर मिलने के बाद मुख्यमंत्री के चेहरे के भाव कुछ देर के लिए बदले, लेकिन उन्होंने खुद को संभाले रखा और कार्यक्रम पूरा किया। इसके बाद उन्होंने युवा लाभार्थियों से बातचीत की और उनके साथ सेल्फी भी ली। कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह गोरखनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार को 91 साल की उम्र में हुआ सावित्री देवी का निधन सावित्री देवी का शुक्रवार सुबह उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के पंचूर गांव स्थित अपने पैतृक घर में निधन हो गया था। वह 91 साल की थीं।

मां सी दौलत कहां किसी के पास होती है- आजम



हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी के निधन पर गहरा दुख जताया है। मुरादाबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने इसे बड़ा सदमा और अपूरणीय क्षति बताया। भावुक होते हुए आजम खान ने कहा, मां सी दौलत कहां किसी के पास होती है। उन्होंने अल्लाह से प्रार्थना की कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में सब्र और हिम्मत प्रदान करें।

पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलायें अधिकारी

'दिशा' की बैठक में गरजे सांसद चन्द्रशेखर

बिजनौर (चिंगारी)। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सांसद बिजनौर चंदन चौहान के प्रतिनिधि विजय चौहान, विधायक चांदपुर स्वामी ओमवेश, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों के फोन जरूर उठाएं अधिकारी

सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें। योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन लें तथा जनप्रतिनिधियों और आमजन के फोन कॉल अवश्य रिसीव करें। किसानों, श्रमिकों और आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाए।



सरकारी अस्पतालों में बाहर से दवाएं न लिखें चिकित्सक

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक मरीजों और तीमारदारों को बाहर से दवाएं खरीदने के लिए न लिखें। उन्होंने विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों का भी शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा धामपुर में नगीना चौराहे पर हाईवे स्थित कट को आमजन की सुविधा के लिए थोड़ा पहले स्थानांतरित करने की बात कही।

बिजनौर में भी लागू हो तीर्थयात्रा और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन योजना

सांसद ने पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि पर्यटन विभाग की तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित योजनाओं को जनपद बिजनौर में भी लागू कराने के लिए सक्षम स्तर पर संपर्क और पत्राचार किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह स्वयं भी प्रयास करेंगे।

विधायक चांदपुर स्वामी ओमवेश ने चांदपुर के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारियों से गंभीरता से कार्य करने को कहा। वहीं सांसद बिजनौर चंदन चौहान के प्रतिनिधि विजय चौहान ने सांसद के क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दे उठाते हुए उनके त्वरित निस्तारण की मांग की।

पेयजल योजनाओं और जर्जर स्कूलों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश

बैठक में नगर विकास विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों को पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण शीघ्र पूरा कराकर आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से जर्जर विद्यालयों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराने को कहा गया।

डीएम बोले- निर्देशों का अक्षरशः कराएं पालन

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि बैठक में सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए निर्देशों का संबंधित विभागीय अधिकारी अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएं। आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें और संवेदनशीलता के साथ पूर्ण मनोयोग से कार्य करें।

मुख्यमंत्री की माता जी के निधन पर शोक

बैठक के समापन पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की माता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला वन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

लक्की दक्ष प्रजापति, बने जिलाध्यक्ष



चांदपुर (चिंगारी)। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष युवा अनुज कुमार प्रजापति ने क्षेत्र के ग्राम पिलाना निवासी एडवोकेट लक्की दक्ष प्रजापति को संगठन का जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा बिजनौर मनोनीत किया। उनके मनोनयन से उनके समर्थकों में खुशी छाई हुई है। मनोनयन पत्र में संगठन की मजबूती एवं प्रजापति समाज के उत्थान के लिए कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया गया है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुई हिन्दी क्विज प्रतियोगिता



बिजनौर (चिंगारी)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में हिंदी भाषा के प्रति प्रेरणा के उद्देश्य से इंटरहाउस हिंदी क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या पायल कपूर एवं स्कूल प्रबंध समिति द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

पाँच वर्गों में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग कक्षा एक और दो के छात्रों का था। जिसमें प्रथम स्थान गोल अचीवर्स हाउस ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान गो गेटर्स हाउस ने प्राप्त किया। जिसमें प्रतिभागी थे कौशिकी सिंह, वेदिका, समर्थ राजपूत एवं कृष्णा अथर्व तोमर। तृतीय स्थान वेव राइडर्स हाउस ने प्राप्त किया। जिसमें प्रतिभागी थे अशनूर कौर, तन्मय लाम्बा, ईशान चौहान एवं शानवी सिंह। क्विज प्रतियोगिता के विजेता कृष्णा अथर्व तोमर रहे। दूसरा वर्ग कक्षा तीन और चार के छात्रों का था। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया वेव राइडर्स हाउस ने। जिसमें प्रतिभागी थे अनाया सूर्यवंशी, कनिका चौधरी, मौ. हैदर अनवर एवं विवान चौधरी। द्वितीय स्थान गोल अचीवर्स हाउस ने प्राप्त किया। जिसमें प्रतिभागी आरुष त्यागी, उत्कर्ष, वैदिक राणा एवं अरमान खुर्रम रहे। तृतीय स्थान गो गेटर्स हाउस ने प्राप्त किया।

राजेंद्र शर्मा को मिलेगा 'काव्य-विज्ञ सम्मान'



बिजनौर (चिंगारी)। भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित एवं राजकीय इंटर कालेज, बिजनौर में भौतिक विज्ञान के पूर्व प्रवक्ता ज्योतिषविद श्री राजेंद्र शर्मा के खंडकाव्य 'अग्निसुता' का चयन 'काव्य-विज्ञ सम्मान' के लिए किया गया है। मधुकर काव्य सृजिन संस्थान, कोटा (राज.) द्वारा आयोजित 'मधुकर काव्य-सृजन पुरस्कार/सम्मान-2026' हेतु साहित्य की विभिन्न विधाओं में अनेक साहित्य साधकों ने अपनी प्रविष्टियां प्रेषित की थीं। संस्थान द्वारा अलग-अलग विधाओं की पुस्तकों के हेतु विद्वानों की चयन समितियां बनाई। विद्वानों की समितियों प्रत्येक विधा की कृति का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार/सम्मान हेतु चयन किया। खंडकाव्य विधा में बिजनौर जनपद के प्रमुख प्रकाशन संस्थान 'हिंदी साहित्य निकेतन' द्वारा प्रकाशित श्री राजेंद्र शर्मा जी की पुस्तक 'अग्निसुता' को सर्वश्रेष्ठ खंडकाव्य के रूप में चुना गया। 'मधुकर काव्य-सृजन संस्थान' के अध्यक्ष द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि आगामी 6 दिसंबर को कोटा (राजस्थान) में आयोजित भव्य कार्यक्रम में श्री राजेंद्र शर्मा को 'काव्य-विज्ञ सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। श्री शर्मा ने अपने इस खंडकाव्य में महाभारत की प्रमुख पात्र 'द्रौपदी' को आधार बनाया है। इस समाचार से बिजनौर जनपद के साहित्यकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. पंकज भारद्वाज, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, हितेश कुमार शर्मा एडवोकेट सहित जनपद के अनेक साहित्यकारों ने श्री राजेंद्र शर्मा को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

जनगणना के लिए बिजनौर में लगाए जाएंगे 8494 प्रगणक और सुपरवाइजर

डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना

बिजनौर (चिंगारी)। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि जनगणना के द्वितीय चरण के महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न कराने के लिए जनपद में 10 प्रतिशत रिजर्व सहित कुल 8494 प्रगणक एवं सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की गणना सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जनगणना की समय-सारिणी, स्व-गणना की प्रक्रिया तथा घर-घर जाकर की जाने वाली गणना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आठवीं जनगणना है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही है। इसके तहत कोई भी परिवार निर्धारित अवधि में द्धह्लह्लश्चह्यह्य// ह्यद्र. ष्टठ्ठह्यह्लह्य. दृश्य1 .द्धठ्ठ पोर्टल पर जाकर अपने परिवार के सदस्यों का विवरण स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकता है। ऑनलाइन जानकारी जमा करने के बाद एक विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा। प्रगणक इस संख्या के आधार पर दर्ज विवरण का सत्यापन करेंगे।

स्व-गणना में कई महत्वपूर्ण जानकारियां होंगी शामिल

उन्होंने बताया कि स्व-गणना की प्रश्नावली में जन्मस्थान, वर्तमान निवास स्थान, पूर्व निवास, प्रवासन, दिव्यांगता से संबंधित विवरण, महिलाओं से जुड़ी निर्धारित जनसांख्यिकीय जानकारी तथा बैंकिंग सुविधाओं सहित विभिन्न विषय शामिल किए गए हैं। इनके माध्यम से जनसंख्या की संरचना, शिक्षा, रोजगार, प्रवासन एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का समग्र आकलन किया जा सकेगा।

हेल्पलाइन और व्हाट्सएप से मिलेगी सहायता

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने, सहायता लेने अथवा किसी समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1855 तथा व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 18001801855 पर संपर्क किया जा सकता है।

30 नवंबर तक आयोजित होंगे विशेष जागरूकता दिवस

स्व-गणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 18 से 30 नवंबर तक विभिन्न विशेष दिवसों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 18 नवंबर को मीडिया दिवस, 19 नवंबर को प्रख्यात व्यक्ति एवं शहरी समूह दिवस तथा 20 नवंबर को न्यायिक दिवस आयोजित किया जा चुका है। आगामी कार्यक्रमों के तहत 21 नवंबर को पुलिस एवं यूनिफॉर्म फोर्स दिवस, 22 नवंबर को सेंट्रल गवर्नमेंट ऑफिस एवं वित्त दिवस, 23 नवंबर को शिक्षा दिवस, 24 नवंबर को स्वास्थ्य दिवस, 25 नवंबर को उद्योग एवं यातायात दिवस, 26 नवंबर को महिला एवं स्वयं सहायता समूह दिवस, 27 नवंबर को डिजिटल एक्सेस स्पोर्ट्स डे, 28 नवंबर को वर्क फ्रॉम होम डे, 29 नवंबर को प्राइड डे तथा 30 नवंबर को किसान दिवस आयोजित किया जाएगा।

विभागीय अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

प्रमुख जनगणना अधिकारी ने विभिन्न दिवसों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित दिवसों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं तथा संबंधित व्यक्तियों, अधिकारियों एवं संस्थाओं को इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।

स्योहारा में धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा



खाटू श्याम की झांकी



विधायक पुत्र राणा प्रियंकर सिंह को चित्र भेट करते समिति के सदस्य

स्योहारा (चिंगारी)। देवउठनी एकादशी और बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री श्याम सेवा समिति द्वारा स्योहारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें फूलों से सजे रथ पर बाबा की प्रतिमा विराजमान थी। भव्य निशान यात्रा सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ ठाकुर मंदिर से स्थानीय विधायक पुत्र प्रियंकर राणा द्वारा श्याम बाबा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ हुई। यात्रा मौहल्ला हिन्दू चौधरियान, भगवानदास मंदिर, पशु चिकित्सालय, जोशियान, तराई, रियासत, ठाकुर मंदिर, सब्जी मंडी, शिव मूर्ति, गुरूद्वारा, बड़ा बाजार होते हुए पटवारियान शिव मंदिर में सम्पन्न हुई। यात्रा के प्रारम्भ में अर्पित त्यागी, रूपम त्यागी एवं बॉबी अग्रवाल के परिवार द्वारा पुष्प वर्षा, बालेश सैनी, संजय जैन, पंकुल रस्तौगी, नीलम चौहान, नीटू जोशी, संजय प्रजापति, दीपक गाबा द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। समापन के उपरांत लाला कालू अग्रवाल बर्तन वालों के द्वारा भण्डारे की व्यवस्था की गई। समिति द्वारा सभी गणमान्य लोगों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुकेश रस्तौगी,शिवनारायण अग्रवाल, डाक्टर राजबहादुर शर्मा, डाक्टर यज्ञदत्त गौड़, राजपाल प्रजापति, अर्पित त्यागी,अनित रस्तौगी,राजीव वर्मा, पियुष रस्तौगी, उत्कर्ष अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, विनोद रस्तौगी, सार्थ रस्तौगी, मुकेश रस्तौगी,आशू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मनचलों ने छात्रा का ट्यूशन जाना मुश्किल किया

शिकायत करने पर पिता को भी धमकी देने का आरोप

बिजनौर (चिंगारी)। हेमराज कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने कुछ युवकों पर अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ और अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। युवकों की हरकतों से परेशान होकर जब पिता शिकायत करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ गाली.गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गए। फोन पर जान से मारने की धमकी दी।

शहर कोतवाली की हेमराज कॉलोनी निवासी अमित मंडल ने शहर कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी कक्षा आठ में पढ़ती है। वह ट्यूशन जाने के लिए घर से निकलती है तो रास्ते में कुछ युवक उस पर अशोभनीय टिप्पणियां करते हैं। स्कूल आते-जाते समय भी उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। बेटी ने घर पहुंचकर उन्हें इसकी जानकारी दी। आरोप है कि पहले भी युवकों को समझाया गया, लेकिन उनकी हरकतें बंद नहीं हुईं।

अमित मंडल के अनुसार वह युवकों के परिजनों से शिकायत करने पहुंचे तो परिजनों ने उनके साथ गाली गलौज की और मारपीट करने पर उतारू हो गए। बाद में फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित पिता ने तीन नामजद सहित कई युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ऊमरी बड़ी में सजाया गया कीर्तन दरबार

खासपुरा (चिंगारी)। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के ज्योति ज्योत एवं जुगो जुग अटल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को गुरुगददी प्राप्त होने के उपलक्ष्य में ऊमरी बड़ी में 76वां सालाना कीर्तन दरबार एवं नगर कीर्तन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कीर्तन दरबार में सिख पंथ के महान कीर्तिनिये भाई अमरजीत सिंह (पटियाला वाले), भाई गुरप्रीत सिंह (शिमला वाले), भाई प्रदीप सिंह व हैड ग्रंथी प्रीतम सिंह जी, ज्ञानी राजवीर सिंह ने कथा-विचारों व गुरुबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। और गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया मंच का संचालन मास्टर अजीत सिंह ने किया। इस दौरान कमेटी की ओर से सेवादारों जिसमें खालसा इंटर कॉलेज के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार गुणवंत सिंह, धर्म प्रचारक जोगिंदर सिंह अहिरपुरा, भूपेंद्र सिंह नीटू को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जसबीर सिंह भोला, जनरल सेक्रेटरी मा. अजीत सिंह ठेकेदार, खजांची हरवेंद्र सिंह बिल्लू, प्रदीप सिंह, हरजीत सिंह, हरचरण सिंह, चरणजीत सिंह चन्नू, हरपाल सिंह राठौड़, वीरेंद्र सिंह छोटू सहित समस्त कमेटी सदस्य मौजूद रहे।



सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने को महिला महाविद्यालय ने शुरु की नई पहल

सोशल मीडिया के माध्यम से दिया यातायात नियमों के पालन का संदेश

बिजनौर (चिंगारी)। रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर के भूगोल विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष पहल की गई। इसके तहत भूगोल विभागाध्यक्ष ऋतु सैनी ने सोशल मीडिया के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जागरूकता संदेश में वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई। इसके साथ ही सड़क पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया।

सुरक्षा नियमों का पालन कर रोकें सड़क दुर्घटनाएं

इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, जिम्मेदार नागरिक व्यवहार को प्रोत्साहित करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करने का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। विभाग की इस पहल के माध्यम से सुरक्षित यातायात संस्कृति विकसित करने और जीवन की सुरक्षा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का भाव जागृत करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों का जीवन भी सुरक्षित बनाएं।

जन्मदिन पर राष्ट्रपति से गोल्ड मेडल पाने पर खुशी से झूम उठा है दिशा का परिवार

स्योहारा (चिंगारी)। स्योहारा निवासी डॉक्टर दिशा अरोड़ा पुत्री मनोज कुमार अरोड़ा उर्फ बंसी पंजाबी कॉलोनी स्योहारा को अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के 12वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने मेधावी चिकित्सकों को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

यह समारोह 20 नवंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित हुआ। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा भी उपस्थित रहे। इस समारोह में डी एम नेफ्रोलॉजी का गोल्ड मेडल स्योहारा निवासी डॉ. दिशा अरोड़ा को प्रदान किया गया। दिशा अरोड़ा इन दिनों हिसार में एक बड़े चिकित्सालय में अपनी चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर रही हैं। राष्ट्रपति ने सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को विशेष बधाई दी और कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में महिला डॉक्टरों की बढ़ती भागीदारी देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवा डॉक्टरों से दूर-दराज के क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का आह्वान किया। दिशा अरोड़ा को रोटरी क्लब के अध्यक्ष कांता प्रसाद पुष्पक, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, सचिन हरिओम सिंह हैरि, कोषाध्यक्ष संजीव अरोड़ा आदि ने बधाई दी है।



विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से DM नेफ्रोलॉजी गोल्ड मेडल प्राप्त करतीं डॉ. दिशा अरोड़ा।

परिवार में 11 चिकित्सक

स्योहारा निवासी डॉक्टर दिशा अरोड़ा ने वर्ष 2009 में हाई स्कूल मेरी और जीसस कन्वेंट स्कूल से किया। इसके बाद 2013 में सेंट मैरी धामपुर से इंटर में टॉप किया। 2019 में एमबीबीएस में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में चयन हुआ। इसके बाद डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल दिल्ली से इन्होंने डीएम नफ्रोलॉजी की तथा डॉक्टर जतिन बेदी जनरल सर्जन एमबीबीएस एमडी हिसार (हरियाणा) के साथ 3 वर्ष पहले इनका विवाह हुआ और हिसार में यह जिंदल हॉस्पिटल में कार्यरत है। डॉक्टर दिशा अरोड़ा के परिवार में 11 चिकित्सक हैं, जो सभी एमबीबीएस, एमडी या एम एस है।

रामा एफएम 90.0 एवं स्मार्ट एनजीओ द्वारा नैरो कास्टिंग प्रोग्राम का आयोजन

किरतपुर (चिंगारी)। रामा एफएम 90.0 द्वारा स्मार्ट एनजीओ के तत्वावधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भनेड़ा में दोनों की संयुक्त टीम द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से नैरो कास्टिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को टीबी (क्षय रोग), डायबिटीज एवं एनीमिया (खून की कमी) जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। रामा एफएम 90.0 की 'सेहत सही लाभ कई' पहल के अंतर्गत मिस अनम ने लोगों को एनीमिया के लक्षण, बचाव एवं संतुलित पोषण के महत्व के बारे में जागरूक किया। नेहा शर्मा ने टीबी के प्रमुख लक्षणों, समय पर जांच, नियमित उपचार तथा इससे संबंधित भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया। प्रियांक कुमार ने डायबिटीज से बचाव के लिए संतुलित खानपान, नियमित शारीरिक गतिविधि, स्वस्थ जीवनशैली एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के महत्व पर भी चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी डॉ.रवीश कुमार ने बताया कि रामा एफएम 90.0 व स्मार्ट एनजीओ का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है।



नसीमुद्दीन बादशाह के छोटे भाई का इंतकाल

चांदपुर (चिंगारी)। पूर्व चेयरमैन नसीमुद्दीन बादशाह के छोटे भाई शकील बादशाह का आज तड़के इंतकाल हो गया। उनकी आयु लगभग 54 वर्ष थी। पूर्व चेयरमैन के भाई के इंतकाल की खबर से उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालो का तांता लग गया। वे अपने पीछे 4 बच्चों सहित भरे पूरे परिवार को छोड़ गए हैं। शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक, डा सत्येन्द्र कुमार शर्मा, पूर्व चेयरमैन शेरबाज पठान,मौ आदिल, शेख इजमाल, अतीक कुरैशी सहित सैकड़ों लोगों ने पूर्व चेयरमैन के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।

सफ़िया ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



चांदपुर (चिंगारी)। निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में आर जे पी इंटर कालेज बिजनौर में जनपद स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर की एम.ए. समाजशास्त्र (तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा सफिया फातिमा ने प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। सफिया की इस सफलता पर समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनपद स्तरीय उपलब्धि महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयोजक डॉ. ज़ैनुल आबीदीन, सह-संयोजक मो. सुलेमान सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

बिजनौर के 45 शिक्षामित्रों को दो माह से मानदेय नहीं

बिजनौर (चिंगारी)। जनपद बिजनौर के लगभग 45 शिक्षा मित्रों को सितंबर एवं अक्टूबर माह का मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हो पाया है। दो माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण संबंधित शिक्षा मित्रों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। शिक्षा मित्रों का कहना है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मानदेय से संबंधित एमआईएस पटल पर कार्यरत कर्मचारी की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण समय से आवश्यक सूचनाएं एकत्र एवं सत्यापित नहीं हो सकीं, जिसका खामियाजा शिक्षा मित्रों को भुगतना पड़ रहा है। दो माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण शिक्षा मित्रों के सामने बच्चों की फीस जमा करने, घरेलू खर्च चलाने तथा परिवार की आवश्यक जरूरतें पूरी करने तक का संकट खड़ा हो गया है। इसके बावजूद विभाग द्वारा इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई जा रही है।

25 नवंबर तक भुगतान नहीं हुआ तो 26 से आंदोलन

संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 25 नवंबर 2026 तक जनपद के संबंधित शिक्षा मित्रों का सितंबर एवं अक्टूबर माह का अवशेष मानदेय भुगतान नहीं किया गया, तो 26 नवंबर 2026 से उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बिजनौर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

जिलाधिकारी ने शिक्षक सुरेंद्र सिंह के बाल साहित्य की मुक्त कंठ से की सराहना

हरेवली (बिजनौर)। बाल साहित्य के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और सीखने की क्षमता विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत शिक्षक एवं साहित्यकार सुरेंद्र सिंह के साहित्यिक योगदान की नवागंतुक जिलाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को अपना बाल साहित्य भेंट किया। जिलाधिकारी ने उनकी रचनाओं का अवलोकन करते हुए कहा कि बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास में बाल साहित्य की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उल्लेखनीय है कि विकास क्षेत्र अफजलगढ़ में शिक्षक के रूप में कार्यरत सुरेंद्र सिंह पिछले एक दशक से अधिक समय से बच्चों में रचनात्मकता और साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने के लिए निरंतर अभियान चला रहे हैं। वे विभिन्न शैक्षिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को कविता लेखन, पठन-पाठन, अभिव्यक्ति और सृजनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका मानना है कि प्रत्येक बच्चे के भीतर एक रचनात्मक प्रतिभा छिपी होती है, जिसे उचित मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और सकारात्मक वातावरण प्रदान करके निखारा जा सकता है। सुरेंद्र सिंह अखिल भारतीय साहित्य परिषद के कार्यकारी जिला अध्यक्ष भी हैं। साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।



स्कूलों के बाहर उगे ज़हरीले पौधे

बच्चों के लिए बने खतरा

मंडावर (चिंगारी)। बारिश के बाद खेतों, खाली प्लॉटों और स्कूलों के आसपास उगने वाली कसौंदी के जहरीले पौधे अब बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। कसौंदी की फली खाने से थाना बढ़ापुर क्षेत्र में दो बच्चों की मौत की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। अभिभावकों में दहशत है तो वहीं प्रशासन की लापरवाही पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि गांव में खेलते-खेलते बच्चों ने कसौंदी के पौधे की फलियों को खा लिया था। थोड़ी देर बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टी-दस्त और पेट में तेज दर्द के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। कसौंदी एक झाड़ीदार पौधा है, जो बरसात के मौसम में अपने आप उग आता है। इसके पत्ते और फलियां देखने में आम पौधों जैसी लगती हैं, इसलिए छोटे बच्चे अनजाने में इन्हें खा लेते हैं। इसके बीज और फलियों में जहरीला तत्व होता है, जो शरीर के लिए बेहद खतरनाक है। कसौंदी खाने के बाद बच्चे को उल्टी आना, तेज पेट दर्द, दस्त लगना, चक्कर आना, बुखार और बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। समय पर इलाज न मिलने पर यह जहर जानलेवा भी हो सकता है। सबसे चिंता की बात यह है कि कसौंदी के पौधे स्कूलों के बाहर, खेल के मैदानों और रास्तों के किनारे बड़ी संख्या में उगे हुए हैं। स्कूल से आते-जाते समय बच्चे इन्हें तोड़कर खेलते हैं और कई बार खा भी लेते हैं। इसके बावजूद न तो स्कूल प्रबंधन और न ही संबंधित विभाग इन पौधों को हटाने के लिए गंभीर नजर आ रहा है। हर साल बरसात के बाद कसौंदी के पौधे उग आते हैं और हादसों का सिलसिला जारी रहता है। वही चिकित्सकों का कहना है कि अगर कोई बच्चा गलती से कसौंदी की फली खा ले तो उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं। घर पर झाड़-फूंक या देसी नुस्खों के चक्कर में समय बर्बाद न करें। बच्चे को उल्टी कराने की कोशिश न करें, बल्कि उसे तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। स्थानीय लोगों डॉ. नरेश, सत्यपाल सिंह, शहजाद अहमद सिद्दीकी, बिलाल चौधरी, महेंद्र सैनी का कहना है कि कसौंदी के खतरे को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।



योग गुरू चन्द्रदेव ने किया ऐसा काम इंडिया बुक रिकार्ड्स में दर्ज हुआ नाम

बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर में योग की अलख जगाने वाले तथा अपनी अद्भुत योग क्रियाओं से योग जगत में विशिष्ट पहचान बनाने वाले योग गुरू चन्द्रपाल उर्फ चन्द्रदेव ने इंडिया बुक रिकार्ड्स में नाम दर्ज कराकर इतिहास रचा है।



योग गुरू चन्द्रदेव सिर्फ 10 सेकेंड में हाथ के दो अंगूठों व चार उंगलियों पर शरीर को तीन फीट ऊंची टेबल पर हवा में स्थिर कर वीडियो इंडिया बुक रिकार्ड को भेजी थी। इंडिया बुक रिकार्ड में उनकी एप्लीकेशन मंजूर कर आईबीआर अचीवर्स टाइटल के रूप में फाइनल करने की जानकारी दी। साथ ही चन्द्रदेव की मेहनत और धैर्य की सराहना की है। इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड के एडिटोरियल बोर्ड द्वारा वैरिफिकेशन के बाद चन्द्रदेव का क्लेम स्वीकार किया गया है। इसी के साथ चन्द्रदेव उर्फ चन्द्रपाल का नाम अब आधिकारिक तौर पर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में आईबीआर अचीवर्स के रूप में दर्ज हो गया है। योग गुरू चन्द्रदेव ने अपनी इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि अब उनका प्रयास गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने का है। चन्द्रदेव का दावा है कि उनके पास 50 ऐसी यौगिक क्रियाएं (कला) हैं, जिनका किसी भी रिकार्ड बुक में रिकार्ड दर्ज नहीं है। चन्द्रदेव का कहना है कि योग कला उन्हें महादेव शिव के आशीर्वाद से प्राप्त हुई है। चिंगारी योग गुरू चन्द्रदेव के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

खाटू श्याम का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया



सपत्नी बाबा श्री खाटू श्याम जी की अग्रिम पूजा-अर्चना करते पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक।

अफजलगढ़ (चिंगारी)। नगर के प्राचीन श्री शिव मंदिर में हारे के सहारे बाबा श्री खाटू श्याम जी का पावन जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ जन्मोत्सव को भक्तिमय वातावरण में मनाया। कार्यक्रम के आयोजक रजत अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी को मनाया जाता है। बाबा श्याम पांडव पुत्र भीम और हिडिंबा के पौत्र तथा घटोत्कच और माता मोरवी के पुत्र थे। उनका वास्तविक नाम बर्बरीक था। भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी अद्भुत शक्ति, त्याग एवं भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें कलियुग में अपने नाम से पूजे जाने का वरदान दिया था। इसी कारण बाबा श्याम को हारे का सहारा माना जाता है। इस अवसर पर पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक ने सपत्नी बाबा श्री खाटू श्याम जी की अग्रिम पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में रजत अग्रवाल, राहुल पाठक, सौरभ अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, विश्वास शर्मा, महेंद्र वर्मा, शौर्य वर्मा, श्रद्धा अग्रवाल, दीपाली कौशिक, रिद्धि कौशिक सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

रैली में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी



हल्दौर (चिंगारी)। राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के संदेश के साथ लोगों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा देश के विकास में युवाओं की सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य संजय कुमार सलिल, गोपाल रंजन, अवनीश कुमार उपस्थित रहे। मंच संचालन पवित्र कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत कुमार एवं उनके सहयोगी गौरी शंकर का विशेष योगदान रहा।

दीपावली पर ली थी गाय की जान

तीन में से एक का चालान

स्योहारा (चिंगारी)। दीपावली पर गौकशी हुई और एक आरोपी गिरफ्तार हुआ, लेकिन दो आरोपी पुलिस की पकड़ से अभी तक दूर है। जब तक पुलिस को गौकशी करने वालों का पता नहीं था तब तक पुलिस दिन रात ढूंढती रही और जब पुलिस को आरोपियों का पता चला तो एक गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, अन्य दो का अभी तक अता पता नही है। पोषक नहर पर दूसरी बार गौकशी हुई है, जिसके बाद पोषक नहर गौवंशीय पशुओं के लिए अतिसंवेदनशील हो गयी है। ज्ञात हो कि 11 नवम्बर को पुलिस ने फुरकान अहमद पुत्र मुस्ताक निवासी रवाना शिकारपुर की तहरीर पर गौकशी का मुकदमा दर्ज किया और 14 नवम्बर को पुलिस ने फैजान पुत्र यामीन निवासी रसुलपुर चौराहा थाना छजलैट मुरादाबाद को गिरफ्तार किया जिसने पूछताछ की तो अन्य दो व्यक्ति सद्दाम पुत्र मुन्ने ग्राम दौलतपुर थाना नूरपुर व उवैश पुत्र फय्याजुद्दीन हजरत नगर नूरपुर प्रकाश मे आए। पुलिस आरोपियों की तलाश मे लग गयी। आलाधिकारियों को बताने के लिए पुलिस ने दिन रात मेहनत की और एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि दो अभी तक फरार है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार टीम के साथ लगे है। थानाध्यक्ष का कहना है कि दबिश दी जा रही है । पुलिस प्रयास कर रही है आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं को मिलेंगी सभी सुविधाएं - तपराज

नांगल सोती (चिंगारी)। स्थानीय गंगा स्नान मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। शुक्रवार को 90 प्रतिशत रास्ता ठीक कर दिया गया है, शेष रास्ता शनिवार तक पूरी तरह ठीक कर दिया जायेगा। उधर मेलास्थल को मल्चर चलाकर कांस-फूंस आदि से पूरी तरह साफ कर दिया गया है। मेला संयोजक, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं को अधिकाधिक सुविधायें उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा। 24 तथा 25 नवंबर को नांगल गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला आयोजित होगा। उत्तर प्रदेश के प्रथम एवं पौराणिक महत्व रखने वाले स्थानीय मेले का उद्घाटन 22 नवंबर को होगा। मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। शुक्रवार को मेलास्थल तक पहुंचने वाले लगभग चार किलोमीटर लंबे कच्चे रास्ते को 90 फीसदी सही कर दिया गया है। शेष 10 फीसदी रास्ते को शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, बुग्गियों के आवागमन हेतु पूरी तरह से ठीक कर दिया जायेगा। मेला संयोजक तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं को अधिकाधिक सुविधायें उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। मेला भव्य रूप से आयोजित हो, यही उनका उद्देश्य है।



रास्ते को ठीक करती जेसीबी मशीन।

सफाई अभियान चलाया

विकास खंड के कई गांवों से भेजे गये सफाई कर्मचारियों ने आज सुबह गंगा मैया के प्रवेश द्वार-गंगा घट्टी पर पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। गंगा घट्टी के किनारों पर काफी गंदगी पड़ी हुई थी। मुहल्लेवाले तथा अन्य व्यक्ति गंगा घट्टी के किनारों पर तमाम कूड़ा-करकट डाल देते हैं, जिससे यहां कूड़े के ढेर लग जाते हैं। सफाई कर्मचारियों ने वहां सफाई अभियान चलाया।



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

रविवार, 22 नवम्बर 2026

मेष- अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, परोपकार की भावना जागृत, सुसमाचार मिलने से प्रसन्नता।

वृषभ- घरेलू समस्याओं से चिन्ता, दूसरों की भूल से स्वयं को हानि, परिवार में आपसी मतभेद, व्यापारिक पक्ष में नवीन जोखिम हानिकारक, लापरवाही से नुकसान।

मिथुन- नवलीन योजना का श्रीगणेश, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, आपसी वैमनस्यता का समापन, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।

कर्क- धनलाभ का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों में कमी, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, महत्वपूर्ण के लिए प्रयत्नशील, आपसी गलतफहमियां दूर होने की ओर।

सिंह- सामयिक कार्यों के बनने से प्रसन्नता, नौकरी में पदोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, भोग-विलासिता की ओर रुझान।

कन्या- कार्यसिद्धि में कठिनाइयां, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, नवीन समस्याएं उपस्थित, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, राजकीय पक्ष से उलझनें, जीवन साथी के कष्ट, यात्रा विफल।

तुला- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, पारिवारिक उत्तर-दायित्व की पूर्ति, नवीन समाचार की प्राप्ति, आपसी सद्भाव, दाम्पत्य जीवन मधुर।

वृश्चिक- योजना की शुरुआत हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, समस्याओं में कमी, वाद-विवाद समापन, शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, मनोविनोद के अवसर।

धनु- ग्रहस्थिति अनुकूल, आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, तालमेल से कार्य सार्थक, विवादास्पद मसला हल, निराशा का समापन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मकर- कार्य-व्यवसाय में असफलता, स्वास्थ्य विपरीत, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, मान-सम्मान में कमी का अहसास, संतान पक्ष से कष्ट।

कुम्भ- परिस्थितियां सुधार पर, चिरवांछित कार्यों में उन्नति, मानसम्मान में वृद्धि, निजी जिन्दगी में सुख-सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, धन लाभ का सुयोग।

मीन- आरोग्य सुख, इच्छित घटनाएँ घटित, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

स्कूल में नोटबुक से 500-500 रुपये के नोट बिखेरने को लेकर हुआ विवाद

हाईवे पर नकाबपोशों ने किया हमला, शिक्षक गंभीर रूप से घायल

नगीना (चिंगारी)। नगीना-शेरकोट हाईवे पर तीन-चार नकाबपोश हमलावरों ने शिक्षक को घेरकर लोहे की रॉड और डंडों से बुरी तरह पीटा। हमले में शिक्षक के बाएं हाथ और शरीर के बाएं हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शेरकोट निवासी पीड़ित शिक्षक जितेंद्र कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बीते पांच नवंबर को वह कक्षा में पढ़ा रहे थे। इसी दौरान एक छात्रा की नोटबुक से 500-500 रुपये के कई नोट कक्षा में बिखर गए। जब उन्होंने छात्रा से स्कूल में इतनी नकदी लाने का कारण पूछा, तो वह भड़क गई और अभद्र व्यवहार करने लगी। आरोप है कि छात्रा की एक सहेली ने भी शिक्षक के साथ अभद्रता की। इसके बाद शिक्षक दोनों छात्राओं को प्रधानाचार्य के कक्ष में ले गए, जहां प्रधानाचार्य ने छात्राओं को फटकार लगाते हुए उनसे माफी मंगवाई। पीड़ित शिक्षक का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते अगले दिन छह नवंबर को जब वह स्कूल की छुट्टी के बाद बाइक से अपने घर शेरकोट लौट रहे थे, तभी नगीना-शेरकोट हाईवे पर कालाखेड़ी सर्विस रोड के पास नकाब बांधे तीन-चार युवकों ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों के हाथों में लोहे की रॉड और डंडे थे। उन्होंने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। रॉड के वार से उनका बायां हाथ और शरीर का बायां हिस्सा बुरी तरह जख्मी हो गया।

सीओ आलोक सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

हेलमेट और बैग ने बचाई शिक्षक की जान

नगीना (चिंगारी)। शिक्षक ने सिर पर हेलमेट पहन रखा था और कंधे पर बैग टंगा था, जिससे अज्ञात युवकों के हमले से सिर में गंभीर चोट नहीं आई। शिक्षक किसी तरह जान बचाकर बाइक से वहां से निकल भागे और पुलिस को सूचना दी।

पांचवीं प्रभात फेरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जयकारों से भक्तिमय हुआ नगर का वातावरण



नगीना (चिंगारी)। श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पांचवीं प्रभात फेरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। प्रात: 5:50 बजे गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी में संगत गुरबाणी का कीर्तन करते हुए सरकारी अस्पताल के पास अनमोल सिंह के आवास पर पहुंची। यहां परिजनों ने पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। आवास पर शब्द कीर्तन और अरदास के बाद श्रद्धालुओं को मिष्ठान प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद प्रभात फेरी आंबेडकर नगर स्थित बाबू चंद्रपाल सिंह के आवास पर पहुंची। यहां भी परिवार के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर संगत का स्वागत किया। शब्द कीर्तन और अरदास के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को लंगर प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद प्रभात फेरी गुरबाणी कीर्तन करते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। प्रभात फेरी में गुरुद्वारा संत सभा के प्रधान सरदार केवल पाल सिंह, एडवोकेट अमीर सिंह, ज्ञानी कृष्ण सिंह, तारा सिंह, रोहित रवि, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, शिवा मिगलानी, अजीत कौर, कुलवंत कौर, दीपक मल्होत्रा, हरदयाल सिंह आदि मौजूद रहे।

गोवर्धन पूजा की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

गोवर्धन महोत्सव पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



श्री भागवत कथा के दौरान गोवर्धन पर्वत झांकी को स्पर्श करते श्रद्धालु। श्री भागवत कथा के दौरान हुई आरती कार्यक्रम में हिस्सा लेते श्रद्धालु।

नगीना (चिंगारी)। आचार्य पंडित कपिल कृष्ण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, कंस द्वारा भेजे गए दुष्टों के वध तथा कालिया नाग मर्दन की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन पर्वत धारण करने के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। विश्नोई सराय स्थित पंजाबी धर्मशाला स्थित शिव मंदिर में आयोजित श्री भागवत कथा में कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से भक्तों को धर्म, भक्ति और सत्य का संदेश दिया। उन्होंने यमुना नदी को दूषित करने वाले कालिया नाग का मर्दन कर बृजवासियों को उसके आतंक से मुक्ति दिलाई। साथ ही गोपियों को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर भगवान की भक्ति और शरणागति का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी ।गोवर्धन महोत्सव की कथा सुनाते हुए आचार्य कपिल कृष्ण महाराज ने बताया कि जब देवराज इंद्र को अपने सामर्थ्य का अभिमान हो गया और उन्हें लगा कि उनके बिना संसार का संचालन संभव नहीं है, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनके अभिमान का दमन किया। भगवान ने सात वर्ष की आयु में सात दिन और सात रात तक अपनी कनिष्ठ उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर बृजवासियों को इंद्र की अतिवृष्टि से बचाया। महाराज जी ने कहा कि जब-जब धरती पर दुष्टों का अत्याचार बढ़ता है और भक्तों पर संकट आता है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवश्य अवतरित होते हैं। इस अवसर पर आचार्य नवनीत प्रसाद गैरोला, पंडित आशीष नौटियाल, संगीताचार्य मनोज उनियाल, पंडित विजय भारत,चंद्र किरण गोयल, डॉ. श्वेत कमल गोयल, अदिति गोयल, नित्या गोयल, संयम गोयल, अविरल गोयल, स्वाति गोयल और कृषिभ गोयल सहित गोयल परिवार के सदस्यों ने पूजन एवं आरती संपन्न कराई।

रुड़की पहुंचने पर प्रवासी भारतीय चिकित्सक आभा अग्रवाल को सम्मानित किया

कैंसर के इलाज के लिए क्षेत्र में अस्पताल खोलने की घोषणा की



रुड़की (चिंगारी)। नव सृजन साहित्यिक संस्था द्वारा ग्लोबल स्तर पर प्रथम 20 महिलाओं में शामिल प्रवासी भारतीय चिकित्सक डॉ आभा अग्रवाल के अमेरिका से रुड़की पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने अमेरिका में नॉर्थ स्टार हॉस्पिटल्स की श्रृंखला स्थापित की है । वे भारत में ए4 हॉस्पिटल्स एवं भारत आन्कोलॉजी हॉस्पिटल्स की श्रृंखलाओं के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। मथुरा के पास कोसीकलां कस्बे में जन्मी डॉ आभा ने आगरा से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की और उसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चली गई तथा वहीं पर अपने करियर की शुरुआत करके आज वह अमेरिकी चिकित्सक क्षेत्र की एक सर्वोच्च सम्मानित पदाधिकारी एवं चिकित्सक हैं। अपने वैश्विक मिशन के अंतर्गत वह भारत में भी कैंसर के सस्ते उपचार के लिए अस्पताल स्थापित कर रही हैं। अब वे एक अस्पताल उत्तराखंड को भी देना चाहती हैं, जिसके लिए वह अमेरिका से रुड़की के भ्रमण पर आई। डॉ. आनंद भारद्वाज के संयोजन में हुए अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता उत्तराखंड के गन्ना राज्य मंत्री श्याम वीर सैनी ने की तथा संचालन संस्था के महासचिव पंकज त्यागी 'असीम' ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. आभा अग्रवाल, डॉ. आनंद भारद्वाज, डॉ. दिनेश त्रिपाठी, डॉ. श्री गोपाल नारसन एवं परिवाद समिति की अध्यक्ष तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एम्बेसडर डॉ.मनु शिवपुरी उपस्थित रही। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर स्वर सरिता संगीत अकैडमी रुड़की की छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना तथा एक बहुत सुंदर गढ़वाली लोकगीत भी प्रस्तुत किया गया। डॉ आनंद भारद्वाज के द्वारा डॉक्टर आभा अग्रवाल का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। अभिनंदन पत्र कवियित्री अलका घनशाला के द्वारा पढ़ा गया। डॉ. आभा अग्रवाल को भेंट किया। नगर के प्रसिद्ध गीतकार पंकज गर्ग, पंकज त्यागी 'असीम' सुरेंद्र कुमार सैनी तथा डॉ श्री गोपाल नारसन ने अपनी कविताओं के माध्यम से डॉ आभा अग्रवाल का काव्यात्मक अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉक्टर आभा अग्रवाल ने भारत के प्रति अपने लगाव और यहाँ की मिट्टी से अपने संबंधों को रेखांकित किया तथा बचपन की बहुत सी यादों को शेयर किया। उन्होंने रुड़की के आसपास एक अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए स्थापित करने की घोषणा भी की जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। अध्यक्षीय भाषण में श्याम वीर सैनी ने आश्वासन दिया कि वह जनपद हरिद्वार अथवा रुड़की के आसपास जहाँ कहीं भी वह उचित समझेंगी तो हम कैंसर अस्पताल बनाने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

स्वागत समारोह में डॉ. नवीन शर्मा, डॉक्टर ऋतु शर्मा, डॉक्टर वंदना भारद्वाज, डॉक्टर अर्पित त्रिपाठी, श्रीमती शाहिदा शेख, नवीन शरण निश्चल, अनिल वर्मा अमरोहवी, अलका घनशाला, अनुपमा शर्मा, अनुपमा गुप्ता, अर्चना त्यागी, सौ सिंह सैनी, श्रीमति कंचन मल्होत्रा, श्याम कुमार त्यागी एवं डॉ. मनु शिवपुरी उपस्थित रही।

सफेद बाघ के बाड़े का लोकार्पण किया



देहरादून (चिंगारी)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून के मालसी स्थित चिड़ियाघर में सफेद बाघ 'तेजस' के बाड़े का लोकार्पण कर उसे पर्यटकों के अवलोकनार्थ समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफेद बाघ 'तेजस' के आगमन से देहरादून चिड़ियाघर का आकर्षण और बढ़ेगा तथा यहां आने वाले पर्यटकों को वन्यजीवों के अवलोकन का नया अनुभव प्राप्त होगा।

हेड हेरिटेज एकेडमी ने अपना परचम लहराया

फुटबाल टूर्नामेंट में आरपी स्कूल को हराया

कोटद्वार (चिंगारी)। नगर निगम के अंतर्गत गाड़ीघाट स्थित हेड हैरिटेज एकेडमी में आयोजित ब्रिगेडियर हेड स्मृति अंतरविद्यालयी 7 ए साइड फुटबाल टूर्नामेंट का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के फाइनल में हेड हेरिटेज एकेडमी ए ने आर पी पब्लिक स्कूल को पेनल्टी शूट आउट में 2-1 से हराया। प्रतियोगिता के अंतिम दिवस पर क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आरपी पब्लिक स्कूल ने बलूनी पब्लिक स्कूल को 2-1, हेरिटेज एकेडमी ए ने यूनिकस एकेडमी को 6-0, हेरिटेज एकेडमी बी ने नवयुग पब्लिक स्कूल को 3-1 और बाल भारती स्कूल ने सेंट जोजेफ कान्वेंट स्कूल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में हेरिटेज ए ने हेरिटेज बी को 1-0 से पराजित कर, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में आर पी पब्लिक स्कूल ने बाल भारती स्कूल को पेनल्टी शूट आउट में 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हेरिटेज एकेडमी ए और आर पी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान निर्धारित समय में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। जिस पर पेनल्टी शूट में 2-1 के स्कोर से जीत दर्ज करते हुए हेड हेरिटेज अकादमी ए ने तीसरे इंटरस्कूल 7 ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में एकेडमी की प्रधानाचार्य डॉ. रूपमाला सिंह व निदेशक सेनि. कर्नल अजय कुंवर सिंह ने दोनों टीमों को पुरस्कृत किया।

कण्वाश्रम स्थित चौकीघाटा बैराज क्षेत्र का अधिकारियों ने निरीक्षण किया

कोटद्वार (चिंगारी)। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पर्यटन, सिंचाई, राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों के संयुक्त दल ने कण्वाश्रम स्थित चौकीघाटा बैराज क्षेत्र का निरीक्षण कर कण्वाश्रम के विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। शुक्रवार को एसडीएम संदीप कुमार कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूड़ी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, व पर्यटन, धर्मस्व-संस्कृति, सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज के निर्देशों के तहत कण्वाश्रम के विकास के क्रम में वे विभिन्न विभागों के अधिकारियों के दल के साथ विकास की संभावनाओं का जायजा लेने मालिनी नदी घाटी चौकी घाटा बैराज पहुंचे। जल्दी ही दल के निरीक्षण की एक संयुक्त रिपोर्ट मिलने के बाद उसे क्रियान्वयन में लाया जाएगा। कहा कि सरकार, शासन-प्रशासन व जिलाधिकारी के निर्देश पर परियोजना को प्रमुखता के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग दुगड्डा अनिल राठौर, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग महकार सिंह, एसडीओ वन विभाग सुधीर कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता अमित सजवाण, हिमालयन राइडर के मोहित कंडवाल एवं पवन रावत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकास खण्ड दुगड्डा के जनपद स्तरीय विज्ञान महोत्सव का समापन

विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

कोटद्वार (चिंगारी)। एससीईआरटी एवं समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में कोटद्वार स्थित आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित विकासखण्ड दुगड्डा की डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जनपद स्तरीय विज्ञान महोत्सव का समापन हो गया है। जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 480 बाल वैज्ञानिकों ने अपने मॉडलों और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों की प्रतिभाएं नवाचार के क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। जनपद स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में जनपद पौड़ी गढ़वाल का प्रतिनिधित्व करेंगे। महोत्सव के अंतर्गत मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में राइंका सौली पहले, राबाइंका थलनदी दूसरे व आदर्श राइंका कोटद्वार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सतत एवं विकसित भारत के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार मुख्य विषय के अंतर्गत बेहतर जीवन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अक्षित भण्डारी प्रथम, उपेन्द्र असवाल द्वितीय तथा अनुराग खंकरियाल तृतीय स्थान पर रहे। हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण में अंश बलूनी ने पहला, कनिका नेगी ने दूसरा और आदित्य नेगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गणितीय प्रतिरूपण एवं कम्प्यूटेशनल चिंतन में कु. आरुषि पहले, गुंजन दूसरे तथा दिल बहादुर तीसरे स्थान पर रहे। स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं साफ-सफाई विषय में अंश बलूनी ने पहला, कृष्णा रमोला ने दूसरा और सिमरन तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग के अंतर्गत बेहतर जीवन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में कु. सृष्टि पहले, देव दूसरे और आरव तीसरे स्थान पर रहे। हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण में मोहित सिंह रावत ने पहला, अवनी रावत ने दूसरा और दीप कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। गणितीय प्रतिरूपण एवं कम्प्यूटेशनल चिंतन में कु. नविका पहले, कु. अंशिका दूसरे और अभिषेक तीसरे स्थान पर रहे। महोत्सव को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट, खण्ड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा वर्षा भारद्वाज सहित आयोजन समिति के शिक्षक सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

पशु चरा रहे युवक को उठा ले गया गुलदार

जंगल में क्षत-विक्षत शव मिला

अफजलगढ़ (चिंगारी)। मां और चचेरे भाई के साथ मवेशियों को चरा रहे युवक को बाघ उठाकर उसे जंगल में ले गया। वन विभाग और ग्रामीणों की घंटों की मशक्कत के बाद युवक का क्षत-विक्षत शव जंगल के भीतर मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उत्तरी जसपुर रेंज में दिलशाद पुत्र मोहम्मद गुलाम मुस्तफा निवासी फाटो वन गुज्जर खत्ता ग्राम ढेला अपनी मां नूरजहां और चचेरे भाई इमरान के साथ घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर मवेशियों को चराने गया था। इसी दौरान अचानक बाघ ने दिलशाद पर हमला कर उसे घसीटकर जंगल के अंदर ले गया। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर वन क्षेत्र के भीतर युवक की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जंगल के भीतर दिलशाद का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। उप प्रभागीय वन अधिकारी संदीप गिरी ने बताया कि घटना उत्तरी जसपुर रेंज के कक्ष संख्या 43 की है। वन विभाग की ओर से नियमानुसार मुआवजे की कार्रवाई की जा रही है।

अनस खुर्शीद के वलीमे में उमड़ा लोगों का हुजूम

सांसद चंद्रशेखर के साथ सेल्फी लेने की रही होड़

पूर्व सांसद मुंशीराम, पूर्व विधायक सतीश गौतम सहित राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की कई हस्तियों ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद



अनस खुर्शीद के वलीमे में पहुंचे सांसद चंद्रशेखर।

नगीना (चिंगारी)। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पालिका ठेकेदार खुर्शीद अहमद कुरैशी के पुत्र अनस खुर्शीद के विवाह उपरांत आयोजित दावत-ए-वलीमा कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं और समाजसेवियों का जमावड़ा लगा। कार्यक्रम में पहुंचीं राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने वर-वधू को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद, पूर्व सांसद मुंशीराम, सेवानिवृत्त आईएएस आरके सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, समाजसेवी शेख अजीमुर्रहमान, आसपा नेता आरिफ मलिक, शेख परवेज पाशी, सरफराज अंसारी, शोएब अंसारी, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ खा, भाजपा नेता रोहित रवि सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद चंद्रशेखर आजाद के पहुंचते ही लोगों में उनसे मिलने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों में होड़ लगी रही। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में सांसद के साथ तस्वीर खिंचवाने को लेकर विशेष उत्सुकता देखी गई। इस अवसर पर खुर्शीद अहमद कुरैशी एवं रईस अहमद कुरैशी ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की हादसे में मौत

नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। मंडावली: थाना क्षेत्र के भागूवाला में शुक्रवार को मॉर्निंग वॉक पर निकली 30 वर्षीय महरीन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव को उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस टक्कर मारकर फरार हुए वाहन की तलाश कर रही है।

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' की माता के निधन पर शोक

नजीबाबाद (चिंगारी)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, जनपद बिजनौर परिवार ने एक शोक संदेश जारी कर उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' की पूज्य माता विमला देवी जी के आकस्मिक निधन गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, तुषार अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, रितु अग्रवाल, वासु अग्रवाल, हिमांशु तायल, अनमोल गुप्ता, अमित सिंघल, दीपक गुप्ता, आयुष बंसल, चित्रांश अग्रवाल, अभय गोयल एवं समाज के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

सभी जनपदवासियों को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज



हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



सभी को गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

